RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 3 अंक 345
फरीदाबाद, मंगलवार, 26 जनवरी, 2021
पृष्ठ 12+8=20, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana







**प्रिय पाठकों कृपया ध्यान दें**

आज के मुख्य अंक पृष्ठ संख्या 12 से अतिरिक्त 8 पेज का विशेष परिशिष्ठ अपने हॉकर से लेना कतई न भूलें।

**अवकाश सूचना**

गणतंत्र दिवस के अवसर पर पायनियर प्रेस और कार्यालय 26 जनवरी मंगलवार को बंद रहेगा। अतः अगला अंक 28 जनवरी बृहस्पतिवार को प्रकाशित होगा।
–संपादक

गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति बोले

# 'हमारी सेना दुश्मनों को जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार'

एजेंसी। नई दिल्ली

**राष्ट्रपति** रामनाथ कोविंद ने सोमवार को 72वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर शाम सात बजे राष्ट्र को संबोधित किया। राष्ट्रपति का संबोधन आकाशवाणी के सभी राष्ट्रीय नेटवर्क पर और दूरदर्शन समेत हर हिंदी व अंग्रेजी चैनल पर प्रसारित किया गया।

बता दें कि मंगलवार को देश 72वां गणतंत्र दिवस मनाने जा रहा है। कोरोना वायरस के कारण इस साल के गणतंत्र दिवस पर मुख्य अतिथि के रूप में किसी विदेशी राष्ट्र प्रमुख या सरकार के मुखिया को आमंत्रित नहीं करने का



निर्णय लिया गया है। राष्ट्रपति ने कहा कि हमारे सशस्त्र बलों, अर्ध-सैनिक बलों और पुलिस के जवान, प्रायः अपने परिवार-जन से दूर रहते हुए त्योहार मनाते हैं। उन सभी जवानों को मैं विशेष बधाई देता हूं। उन्होंने कहा, 'हमारी सेना दुश्मनों को जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार है।'

# हरियाणा पुलिस के 14 अधिकारियों को विशिष्ट सेवाओं के लिए पुलिस पदक

**चंडीगढ़।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर हरियाणा पुलिस के 14 पुलिस अधिकारियों को विशिष्ट सेवाओं के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक एवं सराहनीय सेवाओं के लिए पुलिस पदक से सम्मानित करने के लिए चुना गया है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (कानून एवं व्यवस्था) हरियाणा, नवदीप सिंह विर्क और रोहतक रेंज के एडीजीपी संदीप खिरवार को विशिष्ट सेवाओं के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित किया गया है, जबकि 12 अन्य पुलिस अधिकारियों को सराहनीय सेवाओं के लिए पुलिस पदक से अलंकृत किया गया है। पुलिस पदक से सम्मानित होने वालों में अंग्रेज सिंह डीएसपी हेडक्वॉर्टर नारनौल, अरुण देसवाल सब-इंस्पेक्टर 5वीं बटालियन एचएपी मधुबन, सुरेश कुमार एसआई रोहतक, कुलविंदर कौर लेडी एसआई स्टेट क्राइम ब्रांच, हरदेव सिंह ईएसआई पुलिस हेडक्वॉर्टर, जोगिंदर सिंह एएसआई हरियाणा पावर यूटिलिटी, अमित कुमार एएसआई राज्य सतर्कता ब्यूरो, परवीन कुमार एएसआई चरखी दादरी, दीपक कुमार एएसआई करनाल, दीदार सिंह एएसआई पंचकूला, हरीश कुमार एसआई पंचकूला और जोगिंदर सिंह ईएसआई अंबाला शामिल हैं।






**GASTRO CLINIC**

- More than 14 years of Experience in the field of GASTROENTEROLOGY

EXPERTS CONSULTATION FOR

- Liver and GI Problems • Stomach • Pancreas
- Gall Bladder and Bile duct related problems

Dr. R C Soni
Director Gastroenterology Asian Hospital Faridabad

EXPERTISE IN

- ENDOSCOPY • COLONOSCOPY
- ERCP • EUS • ENTEROSCOPY

AVAILABLE FOR CONSULTATION

MORNING OPD — ASIAN HOSPITAL FBD, Badkhal Flyover Road, Sector-21A, Faridabad. Timings : 10 AM to 5 PM

EVENING OPD — GASTRO CLINIC, SCO No. 91, Sector-17, Near Indian Bank, Huda Market, FBD. Timings : 5:30 PM to 8 PM

For Appointment Contact : +91 8800501960

**BONY POLYMERS (P) LTD.**

Rubber Moulded Parts, Rubber to Metal bonded parts, Non Asbestos Friction Materials, Hoses, Hose Assemblies & Fuel Tubes and Plastic Parts.

26 JANUARY
WISH YOU A VERY Happy Republic Day



Mr. Raj Bhatia
Managing Director

Plot No. 37P, Sec-6, Faridabad-121006
Tel: 0129-2211701-03, E-mail : bony@bonypolymers.com

सत्यमेव जयते

प्रवासी का संगठन — विकास राज्यों का — सुरक्षा प्रवासियों की — सम्मान प्रवासियों का — प्रवासी वृक्ष



आर पी सिंह
राष्ट्रीय महासचिव
संगठन एवं प्रभारी साउथ इंडिया
भारतीय प्रवासी परिषद
9445326328



डा. अजय तिवारी
राष्ट्रीय अध्यक्ष
9310031870

जातपात का भेदभाव इंकार है प्रांतवाद का भेदभाव बेकार है।
हम सब भारतवासी है हमें भारत से प्यार है
वासी प्रवासी की एकता यही हमारा विचार है।

भारतीय प्रवासी परिषद की ओर से गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

भारत देश के कई राज्य सरकार ने प्रवासी कमीशन बोर्ड बनाने की सहमति दी है उसके लिए अग्रिम बधाई।

bharatiyapravasiparishad@gmail.com, www.bpponline.in
App :- BPP Through Google Play Store
सदस्य बनने के लिए Google Play Store से BPP App Download करें

**SWANYA IMAGING CENTRE PVT. LTD. (SIC MRI)**

(DIAGNOSTIC CENTRE AND PATHOLOGY LAB)

3T MRI
MULTISLICE CT SCANNER
ULTRASOUND DOPPLER
X-RAY EEG EMG NCV






SCO-97, Basement Sec-16 Market, FBD, Ph: 0129-4235555
HELPLINE
9650165124
9818121374

विश्व भारती शिक्षा केन्द्र, चावला कालोनी, बल्लभगढ़
विश्व भारती विद्यामन्दिर, सेक्टर-55 फरीदाबाद
विश्व भारती किडजॉन, चावला कॉलोनी एवं सेक्टर-55

26 January
विश्व भारती शिक्षण संस्थान समूह की ओर से आप सभी को 72वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**Ortho1 Hospital**

Add. 1331 Near Community Center, Sec-55 Faridabad,
Website.: www.ortho1hospital.com, Ph:. 0129-2231336, M. 7840852467

Dr. PANKAJ TULI is a senior orthopaedic surgeon with more than 17 years of experience in Advanced Orthopaedic Surgeries. Awarded gold medal by the Hon'ble Narendra Modiji.

• सुविधाएं •

हड्डियों और जोड़ों के ऑपेरशन, घुटना, कुल्हा बदलना, दूरबीन द्वारा जोड़ो के ऑपेरशन, बिना चीरे के कंप्यूटर द्वारा टूटी हड्डियों के ऑपेरशन। इन सभी प्रकार के ऑपेरशन के लिये अत्याधुनिक मशीनों से सुसज्जित हमारा हॉस्पिटल डॉ पंकज तुली ( माननीय नरेंद्र मोदी जी द्वारा गोल्ड मैडलिस्ट पुरस्कृत ) के नेतृत्व में 8000 से अधिक सफल ऑपेरशन कर चुके हैं।





WISH YOU A VERY Happy Republic Day

Dr.Pankaj Tuli
M.B.B.S; M.S.Gold Medalist
SeniorOrthopaedic surgeon
Trauma Specialist, Arthroscopist, Arthroplastic and spine surgeon.

Visiting Consultant: Sarvodaya Hospital, Sec-8, QRG Health City, Sector-16, Asian Hospital Faridabad.

**HGI AUTOMOTIVES PRIVATE LIMITED**

FOR ALUMINIUM & ZINC PRESSURE DIE CASTED COMPONENTS
MACHINING & PAINTING FACILITIES ALSO AVAILABLE

Wishing You a very Happy Republic Day



S.C. Garg (Director)
Plot No.-19, Sector58, Faridabad - 121004
Ph.: 0129-2307304-05
E-mail : hgiautomotives@yahoo.co.in
Website : www.hgiautomotives.com

Proud to say IamSMEofIndia

72 REPUBLIC DAY of India

The Indian MSMEs

- 1.3 Billion Dreams
- 63 Million Enterprises
- 11.7 Million GST Registrations
- 4.8 Million Udyog Aadhar Registrations
- 70,000 Products
- 7,000 Start-ups
- 6,000 Services
- 92% share in Employment
- 45% share in Exports
- 40% share in Manufacturing
- 8% Contribution to National GDP
- 2nd largest Employment Generation
- No.1 in Building India

One Voice
IamSMEofIndia
The Face of Progressive Indian MSMEs
www.iamsmeofindia.com

IamSMEofIndia Habitat Centre, Mathura Road, Sector 11, Faridabad, Haryana
9711101666, 9711123111 | info@iamsmeofindia.com

**Hindu Sr. Sec. School**

kundan Colony, Ballabgarh Faridabad
(Permanent Recognised)
Medical, Non-Medical, Arts & Commerce

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



Chairman
Shiv Kumar Sharma

0129-2210273, 9818502231



स्व. के.एल. महता



डॉ. विमल महता
अध्यक्षा
महर्षि दयानन्द-शिक्षण-संस्थान



आनन्द महता
उपप्रधान
महर्षि दयानन्द-शिक्षण-संस्थान

महर्षि दयानन्द-शिक्षण-संस्थान की तरफ से आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

के.एल. महता दयानन्द महिला महाविद्यालय एवं स्कूल्स, फरीदाबाद

**Santosh Multispeciality Hospital**

(A UNIT OF 50 BEDDED HOSPITAL)
Centre of Excellence for Critical Care/Advanced Laproscopic Surgeries/High Risk Obstetric

Wishing you a Very Happy Republic Day



सुविधाएं

- Gynae SPL. & Emergency सुविधाएं 24 घंटे उपलब्ध
- ICU / Ventilator / Dialysis / Modular OT की सुविधा उपलब्ध
- अल्ट्रासाउंड / ईको व हार्ट की सुविधा उपलब्ध
- आयुष्मान भारत ( PMJAY ) के अंतर्गत सभी गरीब मरीजों के लिए आई.सी.यू. की उपलब्ध
- आयुष्मान भारत के मरीजों के लिए डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध और किडनी के सभी तरह के ऑपरेशनों की सुविधा उपलब्ध
- सभी मेडिक्लेम CGHS/ECHS हरियाणा सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त व अन्य मेडिक्लेम/इन्श्योरेंस की सुविधाएं उपलब्ध

•कोविड मरीजों के लिए आईसीयू की सुविधा उपलब्ध है
•गम्भीर मरीजों के लिए कोविड वार्ड की सुविधा उपलब्ध है



Dr. Sandeep Malhotra
M.B.B.S, D.T.C.D., M.N.C.C.P
MISCCM, ACLS (Trained)
Consultant Pulmonologist & Physician
Senior V. Consultant (Metro Hospital, Sec. 16)
Haryana Medical Council - Reg. No.: 005337



Dr. Piyush Malhotra
M.B.B.S., M.S. (OBS & GYNAE)
DIP. USG (Trained)
INFERTILITY TRAINED (Sir Ganga Ram Hosp.)
Ex. Senior Consultant E.S.I. Hospital, NH-3
Haryana Medical Council - Reg. No. 005329

3F/139, NIT FBD (Near Police Post-3 & Electricity Office), Ph: 0129-4100139, 4360139


GRAND COLUMBUS
INTERNATIONAL
SCHOOL
SCHOOL
ADMISSION
Now Open For Registration!
INDIA
26
JANUARY
HAPPY REPUBLIC DAY
Enroll Now
Sector - 16A, Faridabad
www.grandcolumbus.com
+91 98189 88969
+91 99530 46305

# नवगठित मानेसर नगर निगम क्षेत्र में चला स्वच्छता जागरुकता अभियान

## पटौदी विधायक सत्यप्रकाश जरावता व संयुक्त आयुक्त धीरज कुमार रहे मौजूद

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम के मानेसर नगर निगम क्षेत्र में स्वच्छता जागरुकता अभियान का शुभारंभ करते पटौदी विधायक सत्यप्रकाश जरावता।

**नवगठित** प्रदेश के 11वें नगर निगम मानेसर में सोमवार को विशेष स्वच्छता अभियान चलाकर स्वच्छता सैनिकों ने क्षेत्र में स्वच्छता की अलख जगाई साथ ही नागरिकों से मानेसर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने का आह्वान किया है। यह बात पटौदी विधायक सत्यप्रकाश जरावता ने सोमवार को कही। वे नगर निगम मानेसर द्वारा चलाए गए विशेष स्वच्छता जागरुकता अभियान में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे।

विधायक सत्यप्रकाश जरावता ने कहा कि स्वच्छता का सीधा संबंध हमारे स्वास्थ्य से होता है। अगर हमारा घर व आसपास का क्षेत्र स्वच्छ रहेगा, तो हमारा स्वास्थ्य भी ठीक रहेगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति स्वच्छता को अपनी नैतिक जिम्मेदारी समझे और अपने घर के साथ-साथ आसपास के क्षेत्र की सफाई का भी ध्यान रखे। इस प्रकार हम अपने मानेसर क्षेत्र को स्वच्छ एवं स्वस्थ बनाने में सफल होंगे। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल नगर निगम के एकल प्रयासों से नहीं आ सकती, इसमें सभी नागरिकों का सहयोग अति महत्वपूर्ण है। नागरिकों को चाहिए कि वे इधर-उधर कचरा न फैलाएं और अगर कोई व्यक्ति ऐसा करता है, तो उसे रोकें। स्वच्छता के इस पुनीत अभियान में सामाजिक दबाव का होना बहुत ही जरूरी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के एक आह्वान पर पूरा देश स्वच्छता के पुनीत कार्य में जुटा हुआ है और वह दिन दूर नहीं, जब हम अपने देश को स्वच्छ देशों की पंक्ति में सबसे आगे लाने में कामयाब होंगे। संयुक्त आयुक्त (स्वच्छ भारत मिशन) धीरज कुमार ने पॉलीथिन एवं सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त मानेसर बनाने का आह्वान उपस्थित नागरिकों से किया। उन्होंने कहा कि हम सभी जानते हैं कि पॉलीथिन एवं सिंगल यूज प्लास्टिक हमारे जीवन पर प्रतिकूल असर डाल रहा है, लेकिन उसके बावजूद हम इसका इस्तेमाल धड़ाधड़ क्यों कर रहे हैं। अगर हमें अपने बच्चों के लिए स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण का निर्माण करना है तो हमें अभी से पॉलीथिन एवं सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल बन्द करना होगा।

पॉलीथिन के कारण कई प्रकार की बीमारियां पैदा हो रही हैं, साथ ही यह नालों, सीवर आदि को जाम करके जलभराव की समस्या को पैदा करता है। हम सभी को प्रण लेकर पॉलीथिन का इस्तेमाल बिल्कुल ही बन्द करना होगा। मौके पर नगर निगम मानेसर के वरिष्ठ सफाई निरीक्षक विजय कुमार कौशिक व सफाई निरीक्षक मनोज कुमार सहित निगम क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति एवं स्वच्छता सैनिक उपस्थित थे।

## शुरू हुई ई-एपिक ऐप, डाउनलोड कर सकते हैं वोटर कार्ड

**गुरुग्राम।** सोमवार को 11वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर लघु सचिवालय में एक और ऐतिहासिक पहल देशभर में ई-एपिक (इलेक्ट्रॉनिक इलेक्टर्स फोटो आइडेंटिटी) ऐप शुरू की गई। इसके माध्यम से मतदाता के वोटर कार्ड को डिजीटाइज्ड किया गया है। अब मतदाता एक क्लिक पर अपना फोटोयुक्त मतदाता पहचान पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। जिला उपायुक्त डॉ. यश गर्ग ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ और विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया। हरियाणा के मुख्य सचिव विजय वर्धन के अलावा राज्य के गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव राजीव अरोड़ा और मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल चण्डीगढ़ मुख्यालय से वर्च्युअल माध्यम से गुरुग्राम से जुड़े थे।

## लाइन टूटने से सोहना में पेयजल सप्लाई ठप



**सोहना।** गुरुग्राम-सोहना के बीच एलिवेटेड मार्ग के साथ पेयजल आपूर्ति की पाइप लाइन टूटने से शहरवासियों को पीने के पानी की सप्लाई नहीं मिली। रविवार शाम और सोमवार सुबह 35 हजार शहरवासियों के घरों में पानी नहीं पहुंचा।

नगरवासियों को एक बार फिर पेयजल सप्लाई न होने से परेशानी का सामना करना पड़ा। रविवार शाम और सोमवार सुबह 35 हजार शहरवासियों को पानी की सप्लाई नहीं हुई। इससे पहले भी शुक्रवार और शनिवार को मिट्टी युक्त पानी सप्लाई में आया था। ऐसे में लोगों ने बाजार से पानी की बोतलें खरीदकर काम चलाया। शहरवासी ज्योति का कहना है कि रविवार और सोमवार को पानी की आपूर्ति न होने से घरों में खाना बनाने के लिए भी पानी बाजार से खरीना पड़ा। मजदूर और गरीर परिवारों में तो दो दिन पहले भरे गंदगी युक्त पानी से गुजारा किया।

गुरुग्राम-सोहना के बीच निर्माणाधीन एलिवेटेड मार्ग पर गांव अलीपुर के पास पाइप लाइन में परिवर्तन किया गया था। पाइप लाइन परिवर्तन के दौरान जोड़ में कमजोरी होने के कारण पानी का रिसाव होने लगा। जिससे लाइन पर पानी की अधिक दबाव होने के कारण टूट गई।

## सामान उधार न देने पर दुकानदारों की पिटाई, नकदी लूटने के आरोप

**सोहना।** भोंडसी में दिन दहाड़े आधा दर्जन ग्रामीणों ने दो दुकानदारों के साथ मारपीट की। दुकानदार ने पुलिस को दी शिकायत में मारपीट करने और एक लाख 15 हजार रुपये लूटने का आरोप लगाया है। पुलिस ने दुकानदार की शिकायत पर दो नामजद समेत आठ आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

भोंडसी निवासी गगन पुत्र नरेन्द्र ने पुलिस को बताया कि रविवार को गांव के ही मुकेश पुत्र मनवीर और उसका भतीजा मुकुल पुत्र मनोज उसकी दुकान पर आए थे। जिनके साथ 5-6 युवक भी थे। मुकेश ने शराब पी रखी थी। उसने मुकेश को सामान उधार देने से मना कर दिया। इसी बात पर मुकेश ने उसके सिर पर शराब की बोतल मार दी। मुकुल ने डंडा उसके सिर पर मारा।






# प्रजातंत्र में वोट का बहुत बड़ा महत्व

लघु कार्फ्रेंस हॉल में मनाया 11वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस, दिलाई वोट डालने की शपथ

## भारत की चुनाव प्रक्रिया दुनिया में श्रेष्ठ : उपायुक्त धीरेन्द्र खड़गटा

पायनियर समाचार सेवा। नूंह


कार्फ्रेंस हॉल में 11वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ दिलाते उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धीरेन्द्र खड़गटा।

**उपायुक्त** एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धीरेन्द्र खड़गटा ने 11वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर सोमवार को कार्फ्रेंस हॉल में तीन नये मतदाताओं को फोटोयुक्त मतदाता पहचान पत्र वितरित किये। इसके साथ-साथ बेस्ट बीएलओ को भी प्रशंसा पत्र देकर उनका हौसला बढ़ाया। निर्वाचन अधिकारी ने उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मतदाता शपथ भी दिलवाई। इससे पहले चंडीगढ़ से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित कार्यक्रम में मुख्य चुनाव आयुक्त सुनील अरोड़ा ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर संदेश दिया और कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य सचिव हरियाणा विजय वर्धन ने मतदाताओं को मत के महत्व के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर ई ऐपिक प्रक्रिया को भी लॉंच कियाा। प्रक्रिया के माध्यम से मतदाता ऑनलाइन अपना वोटर आईडी कार्ड डाउनलोड कर सकता है।

उन्होंने कहा कि वोट एक ऐसा अधिकार है जो राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, बड़े से बड़े धनी या निर्धन व्यक्ति, सबके लिये एक समान होता है और इस अधिकार के तहत हम अपने वोट का प्रयोग करते हैं। उन्होंने कहा कि मत में बहुत बड़ी ताकत होती है। इसके चलते हम एक अच्छी सरकार का चयन कर सकते हैं और देश व समाज को नई उंचाइयों पर ले जाने का काम करते हैं। उन्होंने युवाओं को आह्वान किया है कि वे मतदान को राष्ट्र के प्रति अपना कर्तव्य समझते हुए अपना वोट अवश्य बनवाएं। उन्होंने कहा कि तकनीक के विकास और युवा मतदाताओं की भागीदारी बढ़ने से पिछले एक दशक में चुनाव प्रणाली में बड़े सुधार और बदलाव देखने को मिले हैं। उन्होंने कहा कि वोट बनने के बाद ही हर व्यक्ति एक जिम्मेदार नागरिक बनता है।

जिला निर्वाचन अधिकारी धीरेन्द्र खड़गटा ने कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। लोकतंत्र की प्रणाली मजबूत करने के लिये हमें अपना वोट अवश्य बनवाना चाहिये और उस मत का प्रयोग भी धर्म, जाति व समुदाय से उपर उठकर अपने संयम से सोच-समझकर करना चाहिये।

उपायुक्त ने कहा कि 25 जनवरी 1950 को चुनाव आयोग की स्थापना की गई थी और चुनाव आयोग पिछले कईं वर्षों से निष्पक्ष ढंग से चुनाव करा रहा है। जिला में नये मतदाताओं के पंजीकरण की संख्या बढ़ी है, जिसके लिये चुनाव कार्यालय बधाई का पात्र है। उन्होंने कहा कि हर वर्ष इस कार्यक्रम का आयोजन करने का मुख्य उद्देश्य यही है कि लोगों में वोट के प्रति जागरुकता आए और जो भी युवा 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुका है वह अपना वोट अवश्य बनवाये। मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. मुनीष नागपाल, एसडीएम पुन्हाना कुलवीर ढाका, नगराधीश जयप्रकाश, नायब तहसीलदार चुनाव हसन मोहम्मद आदि जिले के अन्य अधिकारी व कर्मचारी भी मौजूद थे।

# तावडू नाले में व्यक्ति का शव मिलने से हड़कंप


घटनास्थल पर मौजूद पुलिस शव को निकालने की कार्रवाई करती हुई।

## शव कब्जे में लेकर कार्रवाई में जुटी पुलिस

पायनियर समाचार सेवा। तावडू

**नगर** के मोहम्मदपुर रोड पर सोमवार को नाले में एक व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। नाले में शव होने की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव कब्जे में लेकर कार्रवाई में जुट गई। नाले में मिले शव की पहचान रमेश निवासी गोयला थाना तावडू बताई गई है।

शहर थाना प्रभारी ओमबीर सिंह ने बताया कि सोमवार सुबह 11 साढ़े बजे के करीब उन्हें तावडू मोहम्मदपुर रोड पर मामू इलेक्ट्रॉनिक्स दुकान के सामने स्थित एक खोके के नीचे नाले में व्यक्ति का शव होने की सूचना मिली। मौके पर पहुंचकर जेसीबी की मदद से शव निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए नूंह भेज दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि व्यक्ति का शव गला हुआ था। मौके पर मौजूद बबली पत्नी रविंद्र निवासी गोयला ने मृतक की पहचान रमेश पुत्र चंदगी निवासी गांव गोयला थाना सदर तावडू बताई। महिला ने बताया कि मृतक रमेश रिस्ते में उसका जेठ था और कई दिनों से घर से गायब था। नाले में शव मिलने के बाद नगर में हड़कंप मच गया और मौके पर भीड़ जमा हो गई। पुलिस फिलहाल पूरे मामले की कार्रवाई में जुटी है।

## संक्षिप्त समाचार

### कानून व्यवस्था बनाए रखने को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त

**नूंह।** जिलाधीश धीरेन्द्र खड़गटा ने जिला में कानून, शांति व्यवस्था एवं किसी अप्रिय घटना को रोकने के लिए प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए 26 जनवरी के दिन आयोजित समारोह करानो के लिए अधिकारियों को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है। इसके अलावा एसडीएम संजीव कुमार नूंह ओवर ऑल इंचार्ज होंगे। जिलाधीश ने ड्यूटी मजिस्ट्रेट नायब तहसीलदार अख्तर हुसैन यासीन मेव डिग्री कॉलेज, कुलजीत सिंह खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी ग्राउड वाईएमडी कॉलेज, जल सेवाएं, एसडीओ नवल सिंह, मेनगेट पर, आस मोहम्मद एसडीई पीडब्ल्यूडी फिरोजपुर-झिरका सर्किट हाउस, महीपाल सहायक जिला नगर योजनाकार को अड़बर चौक, राजेश कुमार एसडीई जल सेवाएं डिवीजन कनैल रेस्ट हाउस नूंह, विजयपाल लांबा एसडीई पंचायत राज इंडरी को पूरा पीडब्ल्यू रेस्ट हाउस, सर्व शिक्षा अभियान के एसडीओ सायद मोहम्मद को शहीदी पार्क, खंड शिक्षा अधिकारी इंद्रजीत मजौका फिरोजपुर-झिरका को मुढाका बॉर्डर पर, एसडीई पंचायत राज योगेश कुमार को सुनेड़ा बोर्डर, एसडीई पंचायत राज ओमप्रकाश को खोरी बॉर्डर, प्रोफसर मुस्ताक अहमद राजकीय कॉलेज नगीना को बीबीपुर(नूंह-होडल रोड) प्रिसिंपल एसपी सिंह राजकीय पॉलिटेक्निकल कॉलेज इंडरी को रेवान (केएमपी चौक), हायत खान खंड शिक्षा अधिकारी नगीना को किरा (नूंह-पलवल रोड) को ड्यूटी पर लगाया है।

### विद्यार्थियों ने रैली निकाल मतदान के लिए जागरूक किया



**पलवल।** स्थानीय गोस्वामी गणेशदत्त सनातन धर्म महाविद्यालय में राष्ट्रीय मतदाता जागरुकता दिवस के उपलक्ष्य में मतदाता जागरुकता समिति एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में मतदाता जागरुकता शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. जीके सपरा ने रैली को रवाना किया। रैली कॉलेज प्रागंण से चलकर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करते हुए सब्जी मंडी, अनाज मंडी, रेलवे स्टेषन, शिव कॉलोनी से कॉलेज पहुंची। रैली का समापन राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा तम्बाकू मुक्त कैम्पस की शपथ विद्यार्थियों को दिलवाकर किया गया। रैली में 80 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. प्रवीण कुमार वर्मा, डॉ. केशवदेव शर्मा, डॉ. राजबीर सिंह, रणवीर सिंह, बलकार सिंह, डॉ. जितेन्द्र, सतीश कुमार आदि प्राध्यापक हंसराज, नरेश कुमार, कमल और सुदीप कुमार बीएलओ आदि मौजूद रहे।

### राममंदिर निर्माण को लेकर भैरव मंदिर में बैठक आज

**फिरोजपुर झिरका।** अयोध्या में निर्माणधीन राम मंदिर के लिए सोमवार को आयोजित बैठक को आज मंगलवार के लिए टाल दिया है। यह बैठक मंगलवार को भैरव मंदिर में आयोजित की जाएगी। भगवान श्री राम मंदिर निर्माण से जुड़े सदस्य ने बताया कि विशेष कारण से शहर के आर्यसमाज मन्दिर में आयोजित बैठक को अब मंगलवार को शहर के भैरव मन्दिर में आयोजित की जाएगी। बैठक में शहर के अलावा गांव के लोगों को भी आमंत्रित किया है। राम मंदिर से जुड़े सदस्य ने बताया कि बैठक में मन्दिर निर्माण पर विशेष चर्चा की जाएगी। बैठक आपसी सहयोग व समन्वय कायम किया जाएगा।

### जीआरपी ने स्टेशन पर चलाया चेकिंग अभियान



**पलवल।** गणतंत्र दिवस पर सुरक्षा को लेकर रेलवे पुलिस अलर्ट रही। रेलवे स्टेशन और आसपास की सार्वजनिक जगहों पर जीआरपी ने चेकिंग अभियान चलाया। गणतंत्र दिवस पर सुरक्षा की दृष्टि से अलर्ट जारी किया था। किसी भी अनहोनी की आशंका देखते हुए सुरक्षा बढ़ाने को कहा गया था। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर पुलिस अलर्ट रही। लोगों के बैगों की तलाशी ली गई। जीआरपी चौकी इंचार्ज भीम सिंह ने बताया कि रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म और ट्रैक पर भी चेकिंग अभियान चला। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस को लगातार गश्त करने के निर्देश दिए हैं। उनके साथ आरपीएफ की टीम भी मौजूद रहे। सुरक्षा को लेकर पुलिस को अलर्ट किया है। आसपास के इलाके में भी सतर्कता बढ़ाने और चेकिंग के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि गणतंत्र दिवस को लेकर लगातार पुलिस सतर्कता बरत रही है।

# विश्व की सबसे विस्तृत और विविधतापूर्ण शिक्षण-व्यवस्था


एमवीएन विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यशाला में भाग लेते शिक्षाविद।

**पलवल।** एमवीएन विश्वविद्यालय पलवल में राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन मान्यता प्रक्रिया विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। जिसमें विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ जेवी देसाई ने बताया कि भारत के पास विश्व की सबसे विस्तृत और विविधतापूर्ण शिक्षण-व्यवस्था है।

निजीकरण के विस्तार, स्वायत्तता में बढ़ोतरी के दौर में उच्च शिक्षा की गुणवत्ता एवं प्रासंगिकता के प्रति 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति' 1986 और क्रियात्मक योजना 1992 ने अपेक्षित नीतियां एवं योजनाएं बनाने के लिए राष्ट्रीय स्तर की एक स्वतंत्र मूल्यांकन संस्था स्थापित करने की सलाह दी। इसके परिणामस्वरूप सन 1994 में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के स्वायत्त संस्थान के रूप में 'राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद्' (एनएएसी) की स्थापना की गयी। आइक्यूएसी कोऑर्डिनेटर डॉ मुकेश सैनी ने कहा कि राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद एक संस्थान है जो भारत के उच्च शिक्षा, अन्य शिक्षा संस्थानों का आकलन तथा प्रत्यायन मान्यता का कार्य करती है। कार्यशाला के मुख्य वक्ता मणिपाल विश्वविद्यालय जयपुर के डॉ आरके गुप्ता और डॉ लोकेश शर्मा ने राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन मान्यता प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया।

# किसान परेड की रणनीति का हुआ खुलासा

## तकरीबन 45 किमी से अधिक पुन्हाना क्षेत्र में ही ट्रैक्टर रैली का रूट

रिजवान कासिम। मेवात


जिला प्रशासन से बैठक करते मेवाती किसान।

**हरियाणा**-राजस्थान किसान मोर्चा ने राजस्थान सीमा पर सुनहेड़ा बॉर्डर से तकरीबन 45 किलोमीटर से अधिक पुन्हाना विधानसभा क्षेत्र में ही ट्रैक्टर रैली करने का रूट जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक होने के बाद फाइनल कर लिया है। दिल्ली-अलवर राष्ट्रीय राजमार्ग जाम ना हो, साथ ही राहगीरों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो, इसीलिए सुनहेड़ा बॉर्डर से रैली की शुरुआत कर पुन्हाना - पिनगवां से शिकरावा होते हुए वापस पुन्हाना - सुनहेड़ा बॉर्डर पर यह ट्रैक्टर यात्रा समाप्त होगी।

यात्रा शुरू करने से पहले किसान राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण करेंगे। उसके बाद रैली के कार्यक्रम की शुरुआत होगी। सोमवार को लघु सचिवालय नूंह में डीसी धीरेंद्र खड़गटा, एसपी नरेंद्र सिंह बिजारनियां से मुलाकात के बाद एसडीएम पुनहाना रणबीर ढाका एवं डीएसपी पुनहाना विवेक चौधरी के साथ काफी देर तक चली बातचीत में उपरोक्त रूट पर लगभग प्रशासन की अनुमति मिलना तय माना जा रहा है। किसान नेता रशीद अहमद एडवोकेट, मुफ्ती सलीम साकरस एवं समय सिंह एडवोकेट सलंबा ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि गुरुग्राम-अलवर राष्ट्रीय राजमार्ग के साथ-साथ जिले के किसी मार्ग पर जाम से लोगों को दिक्कत न हो, इसलिए दिल्ली कूच करने के बजाए इस रूट पर हजारों की संख्या में ट्रैक्टर यात्रा निकाली जाएगी। जिसमें किसान नेता शामिल होंगे। ट्रैक्टर रैली पूरी तरह शांतिपूर्वक होगी, लेकिन किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पुलिस-प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद रहेगा। ताकि राहगीरों को किसी प्रकार की दिक्कत ना हो। इतना जरूर है कि पुन्हाना और पिनगवां में मुख्य मार्ग पर मंगलवार को ट्रैक्टर रैली के दौरान रेहड़ी पटरी वाले दिखाई नहीं देंगे, ताकि ट्रैक्टर रैली के दौरान जाम की स्थिति खड़ी न हो सके। रैली के दौरान आईआरबी, हरियाणा पुलिस और होमगार्ड के जवान बड़ी संख्या में रोड पर दिखाई देंगे।

किसानों ने बातचीत के दौरान कहा कि सुबह तकरीबन 11 बजे सुनहेड़ा बॉर्डर से ट्रैक्टर रैली का काफिला रवाना होगा। ट्रैक्टर रैली किसानों के समर्थन में निकाली जा रही है। आपको बता दें कि हरियाणा-राजस्थान किसान मोर्चा के बैनर तले पिछले करीब 15 दिनों से सुनहेड़ा बॉर्डर पर धरना-प्रदर्शन चल रहा है। किसान इसपर अड़े हुए हैं कि जब तक तीनों कृषि कानून वापस नहीं होंगे, तब तक धरना - प्रदर्शन जारी रहेगा।

दिन-प्रतिदिन धरना प्रदर्शन में किसानों की संख्या लगातार बढ़ रही है। जिससे जिला प्रशासन व पुलिस की मुसीबतें बढ़ी हुई हैं। सोमवार को जिला प्रशासन व किसान नेताओं के बीच हुई बैठक में इस बात पर पूरा ध्यान रहा कि ट्रैक्टर रैली पूरी तरह से शांतिपूर्वक होनी चाहिए। अब देखना यह है कि मंगलवार होने जा रही ट्रैक्टर रैली का नजारा कैसा होगा। इस पर सभी की नजरें टिकी हुई हैं। डीसी धीरेंद्र खड़गटा ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि अभी उन्हें इस बारे में लिखित में किसानों की तरफ से कुछ नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि ट्रैक्टर रैली के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे।

# नूंह सदर थाने का बदला रंग-रूप

दीपक कुमार। नूंह


सदर थाना नूंह।


सतीश कुमार, एसएचओ।

**जिले** का सदर थाना नूंह अब डेंट पेंट से पूरी तरह से चमक उठा है। अब सदर थाना कुछ अलग सा ही दिखाई दे रहा है। साफ-सफाई से लेकर थाना परिसर में लंबे समय से रखे वाहनों को मालखाना में भिजवा दिया है। अब सदर थाना परिसर पूरी तरह से खुला-खुला सा दिखाई दे रहा है। पेड़ पौधों से सदर थाना हरा भरा दिखाई दे रहा है।

थाना परिसर में पेड़-पौधों से लेकर घास लगाने आदि की सुविधा के अलावा यहां आने वाले लोगों के लिए बैठने की उचित व्यवस्था की जा रही है। इसके अलावा थाने में अन्य सुविधाओं की ओर भी ध्यान दिया जा रहा है ताकि मुलाजिम तनाव मुक्त होकर काम कर सके। मुलाजिमों के लिए वॉलीबॉल, बैडमिंटन आदि खेलने के लिए मैदान तैयार किया जा रहा है।

नूंह सदर थाने में छह महीने पहले तैनात हुए एसएचओ इंस्पेक्टर सतीश कुमार के नेतृत्व में थाने का रंग ही बदल गया। अब जिले का यह थाना कुछ अलग ही दिखाई दे रहा है। साफ सफाई, पेड़-पौधे से लेकर, मुलाजिमों के लिए खेल मैदान के अलावा थाने का नया बोर्ड, डेंट-पेंट, पानी की टंकी, टाइल आदि अन्य सुविधाएं मुहैया होने से सदर थाने की एक अलग पहचान बन रही है। एसएचओ सतीश कुमार का कहना है कि सदर थाने में साफ-सफाई के चलते मच्छर-मक्खियों व बीमारियों का प्रकोप कम होगा। थाने में अन्य सुविधाओं की ओर भी ध्यान दिया जा रहा है ताकि मुलाजिम तनाव मुक्त होकर काम कर सके।

# नाबालिग ने की थी वृद्ध महिला की हत्या

**सोहना।** सोहना सिटी थाना पुलिस ने नगर निवासी 65 वर्षीय वीणा हत्याकांड का खुलासा कर आरोपी किशोर को गिरफ्तार कर बाल सुधार केंद्र फरीदाबाद भेज दिया। सिटी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर अरविन्द कुमार ने बताया कि 22 जनवरी को भी किशोर वीणा के मकान में छत के रास्ते से घुसा था। जो चोरी के इरादे से घर में गया था। घर में आहट सुनकर वीणा जाग गई थी। वीणा जब तक शोर मचाती उससे पहले ही नाबालिग ने उसे जोरदार धक्का मारा। जिससे वीणा का सिर दीवार से टकराने पर जमीन पर गिर गई। उसके बाद किशोर ने वीणा के सिर पर पास में पड़े डंडे से तावड़तोड़ प्रहार करके लहूलुहान कर दिया। उसके बाद किशोर 30 हजार रुपये और फोन लेकर भाग गया।

# बदमाश ने ग्राहक बन व्यापारी को 38 हजार रुपये की चपत लगाई

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**शातिर** बदमाश द्वारा व्यापारी को 38 हजार रुपये की चम्पत लगाए जाने का मामला प्रकाश में आया है। सिटी थाना पुलिस ने व्यापारी की शिकायत पर अज्ञात बदमाश के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है।

अनाज मंडी में किराना थोक व्यापारी सुरेन्द्र पुत्र खेमचंद ने बताया कि 18 जनवरी को उसके मोबाइल पर ग्राहक बनकर एक फोन आया। फोन करने वाले ने अपने आपको सोहना ढाणी निवासी बताकर रिफाइंड के 20 टीन मांगे और रुपये का भुगतान दुकान पर पहुंचने के साथ कर देने का आश्वासन दिया था। सुरेन्द्र ने बताया कि उसने टेंपो में रखकर 20 टीन सोहना ढाणी में बताए गए स्थान पर भेज दिए। शातिर ग्राहक ने उसे ऑनलाइन नकदी खाते में जमा कराने का मैसेज भेज दिया। जब तक वह शातिर ग्राहक द्वारा भेजे गए मैसेज की जांच करता। उससे पहले इनोवा गाड़ी में लेकर फरार हो गया। व्यापारी ने बताया कि ग्राहक उससे फोन के माध्यम से 21 जनवरी तक नकदी देने के नाम पर फोन करता रहा, लेकिन 21 जनवरी के बाद से उसने अपना मोबाइल फोन बंद कर लिया। एएसआई मदन लाल ने बताया कि व्यापारी की शिकायत पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस व्यापारी के पास आए फोन नंबर की जांच कर रही है।

# खाटूश्याम के दर्शन करने गए झिरका के दो लोगों की दुर्घटना में मौत

**फिरोजपुर झिरका।** फिरोजपुर झिरका के दो व्यक्तियों की बीती रात्रि जयपुर रोड पर अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई, मौत का समाचार मिलने पर शहर में सन्नाटा छा गया, शौक में पूरे शहर की फल व सब्जी की दुकानें बंद रखी गई।

शहर के सब्जी व्यापारी विनोद कुमार, पंचायत राज के पूर्व एसडीओ अपने साथी आजाद सिंह राठी निवासी फरीदाबाद अपने ताऊ का हाल चाल जानने अलवर गए थे, वहां से सभी ने मिल कर दर्शन की योजना बना कर खाटूश्यामजी चले गए। जब वह खाटूश्यामजी के दर्शन कर लौट रहे थे कि रविवार देर रात जयपुर के समीप रींगस में उनकी कार को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, टक्कर में बैठे अन्य लोग घायल हो गए लेकिन गंभीर रुप से घायल झिरका के सब्जी व्यापारी विनोद कुमार व साथ में बैठे पूर्व एसडीओ की जयपुर अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। जब इन मौतों की सूचना शहर के लोगों तक पहुंची तो शहर में सन्नाटा पसर गया, शहर में इन मौतों के कारण सब्जी व फलों की दुकानें बंद रखी गई। मृतकों के परिजन व शहर के लोग सोमवार सुबह जयपुर अस्पताल पहुंच गए, जयपुर पुलिस ने अज्ञात वाहन के खिलाफ सड़क दुर्घटना का मुकदमा दर्ज कर शवों का मेडिकल परीक्षण कर अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया है।

## पायनियर क्लासीफाइड

◆ नाम परिवर्तन ◆

I, Silky Dang D/o Sanjay Dang R/o 1E/WH/66, NH-1, NIT Faridabad HR have changed my name to Silky.

◆ खोया-पाया ◆

मैं, ज्योति पुत्री श्री महासिंह निवासी 448/6, न्यू महावीर कालोनी , सोनीपत, हरियाणा 131001 बयान करती हूं कि मेरी सी.बी.एस.ई बोर्ड की दसवीं कक्षा की मार्कशीट जिसका रोल नं 2169440 और पास आउट 2011 में की थी वह मार्कशीट कहीं गुम/खो गई है।

◆ खोया-पाया ◆

मैं,निशा पुत्री श्री महासिंह निवासी 448/6,न्यू महावीर कालोनी , सोनीपत, हरियाणा 131001 बयान करती हूं कि मेरी सी.बी.एस.ई बोर्ड की दसवीं कक्षा की मार्कशीट जिसका रोल नं 2169442 और पास आउट 2011 में की थी वह मार्कशीट कहीं गुम/खो गई है।

मेवात की खबरों एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें

बेदखली सूचना, नाम परिवर्तन, गुमशुदगी, रस्म पगड़ी इत्यादि के विज्ञापन सस्ते दरों पर प्रकाशित करवाने के लिए पायनियर परिवार से जुड़िए

कासिम खान
ब्यूरो प्रमुख नूहं ( मेवात )
9050976800
9416103259
ओल्ड थाना पिनगवां के सामने मन्नी मार्केट पिनगवां, मेवात।

## पायनियर पाठकों के लिए

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- तरुण सतीजा दुकान नंबर 3689 निकट काबली गुरुद्वारा एसजीएम नगर 7701965422
- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- कामरेड,बल्लभगढ़ रेड लाइट
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103




नुकीले जिनके भी हैं तँत्र बस इतना निवेदन है
कि अब तो छोड़ दें षडयंत्र बस इतना निवेदन है
अगर है आत्मा उनमें तिरँगा कह रहा है ये
करे सुनवाई जन की तँत्र बस इतना निवेदन है

# विधायक आफताब ने किया मेडिकल कॉलेज का दौरा

पायनियर समाचार सेवा। नूंह


मेडिकल कॉलेज में निदेशक डॉ संगीता व स्टाफ के साथ बैठक करते विधायक आफताब अहमद।

**नूंह** के विधायक आफताब अहमद ने सोमवार को शहीद हसन खां मेवाती मेडिकल कॉलेज का दौरा किया और अस्पताल की कार्यप्रणाली एवं व्यवस्था का जायजा लिया। इस अवसर पर उन्होंने कॉलेज की निदेशक डॉ संगीता, डॉ. अनुराग सिंह, मेडिकल सुप्रीडेंट से अस्पताल के अंदर की सुविधाओं एवं समस्याओं पर विचार-विमर्श किया।

आफताब ने कहा कि शहीद हसन खां मेवाती मेडिकल कॉलेज में सुविधाओं के विस्तार को लेकर उन्होंने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर हृदय रोग, कार्डियालोजी, किडनी नेफ्रोलॉजी, न्यूरोलॉजी, बर्न एवं प्लास्टिक वार्ड की स्थापना की जाने की मांग की है ताकि स्थानीय लोगों को इन सुविधाओं के बाहर धक्के न खाने पड़ें।

उन्होंने बताया कि उनकी जानकारी में आया है कि शहीद हसन खां मेडिकल कॉलेज में 100 सीटों का जो डेंटल कॉलेज मंजूर हुआ था, उसको 50 सीटों का किया जा रहा है। हमारी मुख्यमंत्री से अपील है कि स्थानीय लोगों की आबादी एवं जरूरत को देखते हुए इसको 100 सीटों का ही रहने दिया जाए। विधायक नूंह ने कॉलेज परिसर में अलाइड कोर्सिस जैसे बीएससी नर्सिंग, डीएमएलटी, लैब टैक्नीशियन, फिजियोथैरेपी आदि कोर्सिस शुरू कराए जाने की मांग की, ताकि बच्चों को लाभ मिल सके और नए सैशन में बेहतर कैरियर की शुरुआत कर सकें। सन 2012 में कांग्रेस सरकार द्वारा 650 करोड़ रुपये की लागत से शुरू किए गए इस कॉलेज में सुविधाओं के अभाव में लोगों को भटकना न पड़े, इसलिए कॉलेज को स्वच्छ वातावरण में बेहतरीन सुविधाएं उपलब्ध कराया जाना अति आवश्यक है।

आफताब ने बताया कि पिछले कुछ समय से अल्ट्रासाउंड की सुविधा देने में कॉलेज असफल साबित हो रहा है। लम्बे समय रेडियोलॉजिस्ट की व्यवस्था न होने से अस्पताल में अल्ट्रासाउंड नहीं हो पा रहे हैं, जो चिंतन का विषय है। कॉलेज में जब अल्ट्रासाउंड मशीन सहित सभी सुविधाएं हैं, तो रेडियोलॉजिस्ट की व्यवस्था की जानी चाहिए। मेडिकल कॉलेज की निदेशक डॉ. संगीता ने बताया कि कॉलेज में पिछले 10 दिनों से नहीं आया कोरोना का एक भी मरीज नहीं आया है, जो बड़ी खुशी की बात है। इसके अतिरिक्त ओपीडी में प्रतिदिन 600 से अधिक लोग आते हैं, जिनका नियमित उपचार किया जा रहा है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद ( हरियाणा ) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा -201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। सम्पादक : चंदन मित्रा, स्थानीय सम्पादक : प्रवीण मोहंती । दूरभाष नंबर : ( 0129 ) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किये गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

## कांग्रेस का हाल

### समन्वय का अभाव

**कांग्रेस ने** हाल ही में मतभेद दूर करने के प्रयास किए हैं, लेकिन इनसे समाधान के बजाय समस्यायें ज्यादा पैदा हो गई हैं। आश्चर्य है कि आखिरकार भारत की 'सबसे पुरानी पार्टी' को क्या हुआ है? कांग्रेस द्वारा नए अध्यक्ष की चुनाव प्रक्रिया शुरू करने के चार महीने बाद कांग्रेस कार्यसमिति ने शुक्रवार को सर्वसम्मति से इसे जून तक स्थगित कर दिया। क्या कांग्रेस यह नहीं समझती है कि वह देश में एक के बाद दूसरे राज्य में पराजय के बाद तेजी से अपनी प्रासंगिकता खोती जा रही है? मई या उससे पहले राज्यों में विधानसभा चुनावों के पहले क्या पार्टी को ऐसा नेता नहीं चुन लेना चाहिए जो अपनी पराजयों को उलटने की रणनीति बना सके? स्पष्ट है कि राहुल गांधी अपनी मां की बहुत इच्छा के बावजूद शिखर पर नहीं आना चाहते हैं। हालांकि, राहुल तेजी से ऐसे नेता के रूप में उभर रहे हैं जो अक्सर सरकार के लिए असहज करने वाले और प्रासंगिक सवाल खड़े कर प्रधानमंत्री को चुनौती देता है, लेकिन वे 'अनिच्छुक राजनेता' बने हुए हैं जो लड़ाई के बीच में सही कदम उठाने के बजाय पीछे हट जाता है। क्या कांग्रेस को स्थानीय लड़ाइयों के लिए 'वंश परिवार' से बाहर का नेता नहीं चुन लेना चाहिए? लेकिन पार्टी कार्यसमिति द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार यह सुनिश्चित होगा कि नए अध्यक्ष को पांच विधानसभा चुनाव परिणामों का जिम्मेदार न ठहराया जा सके।



ऐसे में यह सोचना गलत न होगा कि एक बार फिर अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी गांधी परिवार के वंशज को मिलेगी। क्या पार्टी को अपने अनेक वरिष्ठ नेताओं में विश्वास नहीं है के वे पार्टी को विजय के रास्ते पर ले जाने में सक्षम हैं और इस प्रकार उसकी राजनीतिक प्रासांगिकता का विस्तार कर सकते हैं? अथवा क्या नेता बदलने के बजाय स्वामिभक्त लोगों द्वारा जमीनी स्तर पर पार्टी का संचालन ज्यादा अच्छा है? क्या 'सबसे पुरानी पार्टी' में इतनी दुश्मनी है कि उसके सदस्य इससे ऊपर उठ कर कांग्रेस और इस प्रकार देश के भविष्य के लिए कुछ बेहतर कर सकें? सभी जानते हैं कि किसी देश में लोकतंत्र को प्रासांगिक व जीवन्त बने रहने के लिए एक मजबूत विपक्ष जरूरी है जो सरकार को लगातार सतर्क बनाए रखे। लेकिन विपक्षी एकता बनाने के सारे प्रयास विफल हो गए हैं क्योंकि वरिष्ठ नेता, जैसे चंद्रबाबू नायडू, ममता बनर्जी, शरद पवार, आदि एक युवा और अनुभवहीन नेता के सामने झुकने को तैयार नहीं हैं जो कभी मुख्यमंत्री भी न रहा हो। इसके साथ ही इनमें से प्रत्येक में प्रधानमंत्री बनने की इच्छा है। ऐसे में कोई कद्दावर विपक्षी नेता वंश-परिवार के समक्ष झुकने को तैयार क्यों होगा? इसका नतीजा यह है कि आज देश में एक कमजोर और बिखरा हुआ विपक्ष है तथा कोई नेता केन्द्र में वैकल्पिक सरकार बनाने व प्रधानमंत्री की कुर्सी तक पहुंचने में सक्षम नहीं है। शर्म की बात है कि जब कांग्रेस को भावी विधानसभा चुनावों के लिए रणनीति बनानी चाहिए तब वह आंतरिक चुनावों को लेकर टकराव में फंसी है। कांग्रेस कार्यसमिति-सीडब्लूसी के चुनाव 1998 में उस समय हुए थे जब सोनिया गांधी कांग्रेस अध्यक्ष बनीं थी। कांग्रेस को स्पष्ट रूप से अपने तथा देश के लिए पार्टी की स्थिति सुधारनी चाहिए।

# नौकरी बनाम स्व-रोजगार

**सभी लोगों को यह सीखने की जरूरत है कि एक बड़ी कंपनी कैसे चलाई जाए। वास्तव में छोटे उद्यमों की बहुत संभावनायें हैं, पर मुझे संदेह है कि स्कूल इसके बारे में कोई शिक्षा दे सकेंगे।**



**प्रफुल्ल गोराडिया**
(लेखक, लोकप्रिय स्तंभकार हैं।)



**वर्तमान रोजगार बाजार में अनेक महिलाएं बड़ी संख्या में नौकरियों की तलाश में हैं जहां पहले केवल पुरुषों का एकाधिकार था। हमने पहले कभी वायुसेना में महिला फाइटरों के बारे में नहीं सुना है, पर अब वे यथार्थ बन गई हैं। दूसरी ओर कोविड-19 संक्रमण के कारण अनेक रोजगार नष्ट भी हुए हैं।**

**वर्तमान** समय में दुनिया में केवल आधे रोजगार योग्य लोगों के पास नौकरियां हैं, अत: नौजवानों द्वारा स्व-रोजगार के बारे में सोचने का समय आ गया है। आजीविका के लिए किसी उद्यम के स्वामित्व व उसके संचालन से अच्छा और कुछ नहीं हो सकता है। हालांकि, इधर हाल में भारत में कुछ कंपनियों ने वेतन-भत्तों में भारी वृद्धि की है जो छोटे या मझोले उद्यम या बिजनेस के मुनाफे से अधिक हैं। इसके बावजूद किसी उद्यम का स्वामित्व सर्वोच्च स्तर पर वेतन से अधिक संतोषजनक होता है। एक बड़े उद्यम के मुख्य कार्यकारी को केवल वेतन या भत्तों के अलावा अनेक अन्य लाभ होते हैं। बड़े पैमाने पर काम करने तथा और विस्तार करने की क्षमता प्राप्त करना अपने आप में बहुत बड़े संतोष का विषय है। कोई उद्यम जितना बड़ा होता है, उतना ही उसका बाजार और प्रभाव बड़ा होता है तथा सीईओ को रिपोर्ट करने वाले लोग भी उतने अधिक होते हैं। कुछ मुख्य कार्यकारियों का अनुभव है कि एक मझोले उद्यम से यह संतोष नहीं मिल सकता है। 1980 तक मैं एक कंपनी का प्रमुख था जिस पर कोई सवाल नहीं उठते थे और उसमें 25,000 लोग काम करते थे। मेरे अपने बिजनेस-उद्योग में वह संतोष नहीं मिल रहा है जो अपने आकार के अनुसार सफल है। एक संगीतज्ञ के लिए एक बड़े पियानो को बजाने का आनन्द एक हारमोनियम बजाने से बहुत अधिक है, भले ही पियानो किसी और का हो और हारमोनियम उसकी अपनी। ऐसे में पियानो छीन लेने से होने वाला कष्ट और अपमान पहले मिलने वाले आनन्द की तुलना में बहुत अधिक होगा। इसके बावजूद यदि मेरा पुनर्जन्म हो तो मैं अपना बिजनेस जल्दी शुरू करना चाहूंगा। लेकिन मुझे यह उल्लेख अवश्य करना चाहिए कि बड़े संगठन के लिए काम से एक खास अनुशासन और कार्य पद्धति मिलती है जो छोटे संगठन से विरले ही संभव है। ज्यादातर लोग जानते हैं कि प्रबंधन विज्ञान या बिजनेस प्रबंधन एक विषय है जिसकी शुरुआत प्रथम विश्व युद्ध में जर्मन सेना के एक अधिकारी ने की थी। उसने निर्धारित किया था कि कोई प्रभावी संगठन आर्थिक रूप से कैसे गठित होकर बेहतर काम कर सकता है। इसका एक उदाहरण लोकप्रिय 'टूथ टु टेल रेशियो' है। इसके अनुसार एक डिवीज़न सैनिक अपनी लड़ाकू क्षमता अधिकतम बनाते हैं तथा राइफ्लों और मशीनगनों के साथ मोर्चे पर न्यूनतम सैनिकों की तैनाती सक्षम बनाते हैं। बाद में पता चला कि ब्रिटिश सेना में इसका अनुपात 1:10 है, जबकि जर्मन सेना में यह 1:4 था। इस आधार पर जर्मन लड़ने तथा दुश्मन को मारने में ढाई गुना ज्यादा सक्षम थे। इससे यह छवि नहीं बननी चाहिए कि मैं एक बड़ी कंपनी बनाने के लिए सेना को आदर्श उदाहरण मानता हूं। मैंने तो केवल एक शताब्दी पहले का एक उदाहरण दिया है। वर्तमान संदर्भ में सेना में युद्धरत सैनिकों व अधिकारियों को अनेक स्तरों में विभाजित किया जाता है।

एक बेहतर प्रशिक्षण से निगरानी या नेतृत्व के कम स्तरों की आवश्यकता होती है। इसके उलट छोटे बिजनेसों को ज्यादा विविधतापूर्ण पुरुषों व महिलाओं की आवश्यकता होती है। उनको ऐसे लोगों की आवश्यकता होती है जो अनेक काम कर सकें क्योंकि कंपनी जितनी छोटी होती है, उतनी ही कम संख्या में वह लोगों को नौकरी दे सकती है। विश्व परिदृश्य पर गौर करने से स्पष्ट है कि केवल आधे रोजगार करने योग्य लोगों को नौकरियां मिल पाती हैं। आधे लोग स्व-रोजगार करते हैं जिनमें सबसे अमीर उद्यमी व छोटे फेरी लगाने वाले तक शामिल हैं। संदेश यह है कि रोजगार के लिए बाजार आने वाले दो नौजवानों में से एक को स्व-रोजगार तलाशना चाहिए। यदि किसी को विधि, चिकित्सा, एकाउंटेंसी या ऐसे ही पेशों की शिक्षा मिली हो तो वह जानता है कि क्या करना चाहिए। ऐसा न होने पर कोई बिजनेस में अपनी किस्मत आजमा सकता है। बिजनेस परिवारों से संबंध न रखने वाले नौजवानों को इस स्थिति में नुकसान उठाना पड़ सकता है। बिजनेस प्रबंधन अध्ययनों का संबंध अनेक सिद्धान्तों व वाणिज्य संबंधी विषयों से है। लेकिन वे विरले ही यह सलाह देते हैं कि यदि किसी को कोई अनुभव न हो तो वह बिजनेस की स्थापना कैसे करे। कुछ सफ्ल उद्यमियों ने अपनी जीवन कथाएं लिखी हैं जिनसे शुरुआत में लोग सीख सकते हैं। हालांकि, शैक्षिक पुस्तकों के प्रकाशकों ने समुचित बिजनेसमैनों को इस बात के लिए प्रेरित नहीं किया है कि वे इस क्षेत्र में खाली स्थान भरें। इस संदर्भ में एक सतर्कता बरतने की जरूरत है। बिजनेस शुरू करने वाला या कोई अकादमीशियन सचमुच लाभदायक पुस्तक लिखने में सक्षम नहीं होगा। केवल बिल्कुल शुरुआत से अपना

बिजनेस शुरू करने वाला ऐसे लेखक के रूप में सफल हो सकता है। मेरा तर्क तात्कालिक महत्व का है क्योंकि वर्तमान रोजगार बाजार में अनेक महिलायें बड़ी संख्या में नौकरियों की तलाश में हैं जहां पहले केवल पुरुषों का एकाधिकार था। हमने पहले कभी वायुसेना में महिला फाइटरों के बारे में नहीं सुना है, पर अब वे यथार्थ बन गई हैं। दूसरी ओर कोविड-19 संक्रमण के कारण अनेक रोजगार नष्ट हुए हैं। क्या सभी दूकानें बनी रहेंगी या उनके स्थान पर होम डिलीवरी का वर्चस्व हो जाएगा? रोजगार पर घर से काम का क्या प्रभाव पड़ेगा? परिवार में बिजनेस की कोई परंपरा न होने के कारण मैंने एक बड़ी कंपनी में 23 साल तक कार्यकारी का काम किया। बहुराष्ट्रीय निगमों में पहचान बनाने के बाद मैंने ठेका निर्माण का काम शुरू किया। इससे मुझे ऐसी ही वस्तुओं के निर्माण व बिक्री के लिए छोटी फैक्ट्रियां स्थापित करने में सहायता मिली। यह एक उदाहरण है कि कोई नौसिखिया कैसे अपना उद्यम शुरू कर सकता है। लेकिन एक आयाम निश्चित है कि संबंधित व्यक्ति को असुरक्षा का अपना भाव छोड़ना पड़ेगा। कभी-कभी सुरक्षित नौकरी की सुरक्षा बीमारी की तरह खराब हो सकती है। भारत को अपने बिजनेस प्रबंधन स्कूलों पर गर्व है जिन्होंने प्रथम श्रेणी के कार्यकारी तैयार किए हैं। लेकिन यह देखना दिलचस्प होगा कि

हमारे विशिष्ट लोगों में से कितने लोगों ने अपने उद्यम स्थापित किए हैं? मुझे लगता है कि छोटे उद्यमों के लिए ऐसे स्कूल होने चाहिए। एक लांड्री, एक रेस्टोरेंट, एक किराने की दूकान और एक पान वाला भी बिजनेस करता है जिसमें सीखने और उसके रास्ते पर चलने के लिए बहुत कुछ होता है। सभी लोगों को यह सीखने की जरूरत है कि एक बड़ी कंपनी कैसे चलाई जाए। वास्तव में छोटे उद्यमों की बहुत संभावनायें हैं, पर मुझे संदेह है कि स्कूल इसके बारे में कोई शिक्षा दे सकेंगे।

# विश्व इतिहास में अगला कदम

**"अमेरिका और चीन टकराव में उलझे रहेंगे और भारत विकसित देशों की कतार में शामिल हो जाएगा। मेरे विचार से विश्व इतिहास में अगला कदम दो घटनाओं से निर्धारित होगा, अमेरिका और चीन के बीच टकराव तथा भारत का विकसित देशों की कतार में शामिल होना।"**

**मार्कण्डेय काटजू**
(लेखक, सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व



**अमेरिका** और चीन टकराव में उलझे रहेंगे और भारत विकसित देशों की कतार में शामिल हो जाएगा। मेरे विचार से विश्व इतिहास में अगला कदम दो घटनाओं से निर्धारित होगा, अमेरिका और चीन के बीच टकराव तथा भारत का विकसित देशों की कतार में शामिल होना। दुनिया में आज दो महाशक्तियां हैं, अमेरिका और चीन। दोनों के बीच अंतर यह है कि चीन आक्रामक एवं विस्तारवादी है, जबकि अमेरिका रक्षात्मक स्थिति में है। इसलिए चीन की तुलना 1930 के दशक व 1940 के दशकारंभ वाले नाजी साम्राज्यवादियों से की जा सकती है, जबकि अमेरिका की तुलना तत्कालीन ब्रिटेन व फ्रांस से हो सकती है जो रक्षात्मक स्थिति में थे। उस समय दुनिया को असली खतरा ब्रिटिश या फ्रेंच के बजाय नाजी जर्मनी से था। आज चीन अपने 3.2 टिंलियन डालर विदेशी मुद्रा भंडार के साथ आाक्रामक रूप से कच्चे माल, निवेश तथा नए बाजारों की खोज दुनिया भर में कर रहे हैं। हिटलर के साम्राज्यवाद की तरह वे विश्व शांति के लिए असली खतरा हैं। चीन पर मुख्यत: अमेरिका ही लगाम लगा सकता है। इसलिए उनके बीच टकराव होना अवश्यंभावी है। हालांकि, वर्तमान समय में दोनों के बीच यह टकराव खुले युद्ध का रूप नहीं लेगा क्योंकि दोनों के पास नाभिकीय हथियार हैं। लेकिन सीमित टकराव व्यापार युद्ध तथा दक्षिण चीन सागर में होने वाली घटनाओं के रूप में हो सकते हैं। जहां तक भारत के उभरने का सवाल है, वर्तमान युग में वास्तव में केवल दो दुनिया हैं। एक विकसित देशों की है जिसमें उत्तर अमेरिका, यूरोप, जापान, आस्ट्रेलिया और चीन जैसे देश शामिल हैं, जबकि दूसरी दुनिया अल्पविकसित देशों की है जिसमें भारत तथा एशिया, अफ्रीका व लैटिन अमेरिका के अन्य देश शामिल



हैं। भारत विकसित देशों की कतार में शामिल होने के रास्ते पर बढ़ रहा है। 18वीं शताब्दी में इंग्लैंड में शुरू हुई औद्योगिक क्रान्ति के पहले इसका विस्तार सभी जगह हुआ। यह मुख्यत: सामंती कृषि समाजों में हुआ। उत्पादन का सामंती तरीका इतना पिछड़ा था कि इससे बहुत कम संपदा सृजित होती थी। इसके परिणामस्वरूप केवल मुट्ठी भर राजा और सामंत अमीर होते थे, जबकि बाकी लगभग 95 प्रतिशत जनता गरीब बनी रहती थी। औद्योगिक क्रान्ति के बाद इस स्थिति में तेजी से बदलाव हुआ। अब आधुनिक उद्योग इतना शक्तिशाली और विशाल है कि उससे सबको अच्छा जीवन बिताने के लिए काफी संपदा का सृजन होता है। इसके बावजूद दुनिया की 75 प्रतिशत जनता, खासकर अल्पविकसित देशों में गरीब है। इन अल्पविकसित देशों का लक्ष्य विकसित देश बनना होना चाहिए।

इस प्रकार 21वीं शताब्दी तथा इतिहास का अगला चरण अल्पविकसित देशों की जनता के लिए संघर्ष होगा जो ऐतिहासिक परिवर्तन की दिशा में आगे बढ़ेगी। ऐसा न होने पर वह कभी गरीबी, बेरोजगारी, भूख, स्वास्थ्यरक्षा की कमी व अन्य बुराइयों से बाहर नहीं निकल सकेगी। मुख्यत: ये शक्तियां निहित स्वार्थी तत्वों के खिलाफ हैं जो ऐतिहासिक परिवर्तनों का विरोध करते हैं। यह काम आसान नहीं है, लेकिन देशभक्तों को इसी दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। इस प्रक्रिया में भारत को अल्पविकसित देशों का नेतृत्व करना चाहिए क्योंकि वह इनमें सर्वाधिक विकसित है तथा विकसित देशों की कतार में शामिल होने जा रहा है। भारत में तकनीकी प्रतिभा का बहुत बड़ा भंडार है, उसके पास हजारों इंजीनियर व तकनीकविद तथा वैज्ञानिक हैं। भारतीयों ने कैलीफोर्निया की सिलिकान वैली के विकास में असाधारण योगदान दिया है तथा अनेक अमेरिकी विश्वविद्यालयों में विज्ञान, इंजीनियरिंग व गणित विभागों में भारतीय प्रोफेसर हैं। इसके साथ ही भारत के पास विशाल प्राकृतिक संसाधन हैं। लेकिन अनेक भारतीयों में वास्तविक देशभक्ति की भावना की कमी है तथा राजनीतिक नेतृत्व उनको अब तक जाति व धर्म के सामंती आधारों पर विभाजित करता रहा है। इससे भारत की प्रगति बाधित होती है। हालांकि, अब भारतीय विभाजनकारी राजनीति को छोड़ रहे हैं तथा राजनेता पहले के किसी अन्य समय की तुलना में ज्यादा एकजुट हो रहे हैं। वर्तमान समय में जारी किसान आंदोलन एक परिवर्तनकारी कदम सिद्ध हो सकता है। इससे भारत को विकसित देश बनने के लिए समुचित ऊर्जा मिल सकती है।

## आप की बात

### सहयोग की पहल

**अभी हाल** ही में भारत ने विश्व का सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान शुरू किया था और यह लगातार प्रगति कर रहा है।भारत में बहुत सारे हैल्थवर्कर्स को टिका लग चुका है अब धीरे धीरे जन मानस को टीका पहुंचाने की तैयारी है। इसी बीच भारत ने अपने पड़ोसी देशों को भी कोविड 19 का टीका उपलब्ध कराया है। हाल ही में भारत ने भूटान मालदीव, बांग्लादेश, नेपाल, म्यांमार और सेशेल्श को कोविड 19 टीके की खेप दी है। इसके साथ साथ भारत श्री लंका अफ़ग़ानिस्तान, मॉरीशस से टिके की आपूर्ति के लिये जरूरी नियामक मंजूरी की प्रतीक्षा कर रहा है। भारत की यह एक बहुत अच्छी और सराहनीय मदद है। इससे भारत को अनेक फायदे होंगें। साथ ही साथ भारत का दक्षिण एशिया में वर्चस्व बढ़ेगा। इससे भारत के अपने पड़ोसी देशों के साथ रिश्ते और मजबूत होंगे। दक्षिण एशियाई अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य के साथ साथ निर्यात से भारत को अर्थव्यवस्था में भी मजबूती मिलेगी। बतातें चले कि भारत दुनिया के बड़े टीका निर्माताओं में एक है। इसलिए कोरोना का टीका खरीदने के लिए भारत से कंबोडिया और ब्राज़ील समेत कई देशों ने टीका हासिल करने के लिए संपर्क किया है।

**सुदर्शन सोराड़ी,** नैनीताल

### कूड़ा खाने को मजबूर जानवर

**पूरी दुनिया में** हर रात लाखों लोग खाने का दुरुपयोग करते है और दूसरी तरफ करीब 69 करोड़ लोग भूखे पेट भी सोते हैं लेकिन करोड़ों जंगली जानवरों की भी यही कहानी है। लोग अपना सुख-दु:ख एक दूसरे के साथ बांट तो लेते हैं परन्तु जानवर तो वह भी नहीं कर सकतें। बहरहाल दुनिया में इस समय बड़े आकार के क़रीब 130 करोड़ जंगली जानवर हैं परन्तु इंसानों के लालच ने इन जानवरों को भूखा मरने पर मजबूर कर दिया है। श्रीलंका में हाथियों का एक बड़ा दल मजबूर है, कूड़े के ढेर में रोज़ अपने लिए खाना ढूंढने के लिए। श्रीलंका में एक बडा लैंडफिल है, जिसका नाम अमपारा हैं व उस लैंडफिल के आस पास जंगल है जहां 200 से 300 हाथी रहते हैं लेकिन भूख से परेशान यह हाथी अक्सर इस कूड़े के ढेर में खाना ढूंढने आ जाते हैं एंव कई हाथी तो कूड़ा और प्लास्टिक खाकर मर भी जाते हैं। हाल ही में एक तस्वीर ने पूरी दुनिया को यह सोचने पर मजबूर कर दिया था कि जो हाथी इंसानों से भी पहले से इस पृथ्वी का हिस्सा रहे हैं व जिन्हें कभी प्रकृति ने भूखा नहीं रहने दिया, आज वो हाथी इतने मजबूर कैसे हो गए कि उन्हें इंसानों द्वारा फेंके गए कूड़े में अपना खाना ढूंढना पड़ रहा है।

**निधि जैन,** लोनी, गाजियाबाद

### चीन से टकराव

**भारत द्वारा** अपने पास मौजूद सभी विकल्पों पर आगे बढ़ने के कारण चीन एलएसी पर दबाव के नए बिंदु बना रहा है। वह इनका विस्तार कर सैन्यीकरण कर सकता है जो उसकी हिंद-प्रशांत रणनीति, खासकर हिंद महासागर क्षेत्र में रणनीति का हिस्सा है। उत्तरी सीमा और एलएसी पर चुनौती का सामना कर रहे भारतवर्ष ने मलक्का क्षेत्र में चीन की नौसेना पर दबाव डालना शुरू किया है। हिंद महासागर के इस क्षेत्र से रोज 6 से 7 विशाल चीनी टैंक 10 मिलियन बैरल तेल लेकर गुजरते हैं। भारत चीन पर मलक्का क्षेत्र में अपनी उपस्थिति से दबाव डालना चाहता है। भारत को एक समुचित जवाबी रणनीति बनानी होगी ताकि किसी प्रकार के सैनिक उकसावे से निपटा जा सके। सरकार को पीएलए की आक्रामकता से कुछ सबक सीखने चाहिए। डोकलाम में भारतीय सीमा चौकी को स्थिति पर सतर्क नजर रखनी चाहिए क्योंकि पीएलए के सीमा पार करने पर उसे सबसे पहले जवाबी प्रतिक्रिया करनी होगी। सदैव सतर्कता बनाए रखनी चाहिए तथा लगातार सैनिक क्षमता बढ़ाने की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए।

**- विमल चंद्र,** प्रयागराज

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**मतदाता** दिवस निर्वाचन आयोग द्वारा हमारे लोकतांत्रिक ताने-बाने को मजबूत करने और चुनावों के सुचारू रूप से आयोजन में उल्लेखनीय योगदान की सराहना करने का अवसर है।

**- नरेंद्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**किसी को** भी जय श्री राम कहने को मजबूर नहीं किया जा रहा और इस तरह के नारों में बुरा मानने की कोई बात नहीं है।

**- योगी आदित्यनाथ**
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश



**भाजपा लगातार** बंगाल की महान शख्सियतों का अपमान कर रही है और नेताजी भी इस फहरिस्त में शामिल हो गए हैं।

**- ममता बनर्जी**
मुख्यमंत्री, पश्चिम बंगाल

# लाखों मौतों की वजह ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरुकता नहीं

## सड़क सुरक्षा अभियान में मैराथन के शुभारंभ पर विधायक ने कहा

### सड़क सुरक्षा अभियान में ट्रैफिक नियमों की पालना का संदेश देने को हुई मैराथन दौड़



**पायनियर समाचार सेवा।** करनाल

**जिला** प्रशासन और आरटीए विभाग लगातार ट्रैफिक नियमों की पालना के लिए सड़क सुरक्षा अभियान के तहत लगातार कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। इसी कड़ी में सोमवार का कार्यक्रम करनाल के सेक्टर 32 स्थित नूरमहल के नजदीक रखा गया था। जिसमें करनाल परिवहन विभाग द्वारा तीन किलोमीटर लम्बी मैराथन आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में घरौंडा के विधायक हरविन्द्र कल्याण के मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत की। कार्यक्रम में युवा और महिलाओं सहित करीब 300 लोगों ने शिरकत की। जिसमें 250 स्पोर्ट्समैन मौजूद थे। जिन्होंने इस मैराथन में भाग लिया। आम लोगों को ट्रैफिक नियम पालन करने का संदेश दिया। इस मौके पर घरौंडा के विधायक हरविन्द्र कल्याण ने सभी को सम्बोधित करते हुए कहा कि हरियाणा सरकार लगातार ट्रैफिक नियमों की पालना के लिए लगातार हर वर्ष सड़क सुरक्षा सप्ताह के जरिये लोगों को जागरूक करती थी, लेकिन वर्ष 2021 में सड़क सुरक्षा सप्ताह को सड़क सुरक्षा माह के रूप में मनाया जा रहा है। ताकि ज्यादा से ज्यादा लगो को इस अभियान से जोड़कर हरियाणा सरकार के प्रयास को सफल किया जा सके। उन्होंने कहा कि करनाल परिवहन विभाग के द्वारा किए जा रहे प्रयासों को सफल माने जाने की जरूरत है क्योंकि रोजाना मीडिया के माध्यम से हम ये जान सकते हैं कि विभाग पूरी जिम्मेवारी के साथ अपने कार्य को सफलता पूर्वक कर रहा है। उनके बाद करनाल की एडीसी व सचिव आरटीए विभाग वीना हुड्डा ने कहा कि हम सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा का संदेश जन जन तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। ऐसे में सोमवार की मैराथन में घरौंडा के विधायक हरविन्द्र कल्याण ने पहुंचकर हमारा उत्साह वर्धन करने का कार्य किया है। अंत में एडीसी व सचिव आरटीए विभाग वीना हुड्डा ने मुख्यातिथि के रूप में घरौंडा के विधायक हरविन्द्र कल्याण का आभार जताया तथा पुष्पगुच्छ देकर उनका सम्मान किया।

इस मौके पर एडीसी व सचिव आरटीए विभाग वीना हुड्डा तथा घरौंडा के विधायक हरविन्द्र कल्याण ने मैराथन में वरिष्ठ आयु वर्ग में प्रथम रहे अमित कुमार को 5100 रुपये, द्वितीय स्थान पर रहे उज्ज्वल को 3100 रुपये तथा तीसरे स्थान पर रहे आर्यन को 2100 रुपये देकर उन्हें सम्मानित किया। वहीं कनिष्ठ आयु वर्ग में वंश को 5100 रुपये, द्वितीय स्थान पर रही भाविका को 3100 रुपये तथा तीसरे स्थान पर रहे रूद्र प्रताप को 2100 रुपये देकर सम्मानित किया।

इस कार्यक्रम में करनाल सेक्टर 32-33 थाने के निरीक्षक कंवर पाल, पार्षद मुकेश अरोड़ा, सीडब्ल्यूसी के पूर्व प्रधान संदीप लाठर, वर्ग अनुदेशक आईटीआई जसविन्द्र संधू, करनाल के समाजसेवी व आरएसओ प्रधान जे आर कालड़ा, पार्षद राजेन्द्र सिरसी, सीटी ट्रैफिक एसएचओ रमेश दांगी, उप निरीक्षक राजेन्द्र पन्नू, अशोक भारद्वाज, जसमेर सिंह(एमवीओ), निरीक्षक जोगेंद्र ढुल, बलदेव सिंह उप निरीक्षक आरटीए करनाल, सोनू बत्तरा, रमन मिड्डा इत्यादि मुख्य रूप से शामिल रहे।

# भवन निर्माण से पहले फायर स्कीम की एनओसी जरूरी

**पायनियर समाचार सेवा।** करनाल

**हरियाणा** अग्निशमन सेवा की करनाल ईकाई की ओर से पिछले दिनो नगर निगम के आयुक्त विक्रम के निर्देश पर करनाल क्षेत्र के अस्पताल, नर्सिंग होम, होटल, रेस्टोरेंट, स्कूल, कॉलेज, थिऐटर, मॉल, ऑडिटोरियम व गोदाम सहित दर्जनो प्रतिष्ठानो को चैक कर उनमें अग्निशमन के लिए लगाए गए जरूरी उपकरणों की जांच की। जांच के दौरान कई जगह खामियां देखने को मिली। परिणामस्वरूप ऐसे संस्थान के मालिको को निर्देश दिए गए कि वे कमियों को दूर करें, अन्यथा उनके खिलाफ हरियाणा फायर एक्ट 2009 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

अग्निशमन अधिकारी नरेन्द्र सिंह ने बताया कि अब सरकार की ओर से 15 मीटर ऊंची और 15 मीटर से नीचे बनने वाले सभी भवनों में अग्निशमन उपकरणों की अनिवार्यता कर दी है। ऐसे भवन बनाने से पहले सम्बंधित लैंड ऑनर को ऑनलाइन आवेदन करना होता है, जिसमें अलग-अलग डॉक्यूमेंट आवेदन फार्म के साथ अपलोड करने पड़ते हैं।

अग्निशमन अधिकारी ने बताया कि फायर एनओसी के लिए भी सरकार की ओर से जरूरी दस्तावेज आवेदन के समय उपयोग करने होते हैं। उन्होंने बताया कि 15 मीटर से नीचे भवन की एनओसी के लिए अनुरोध पत्र, बिल्डिंग प्लान की स्वीकृति/बीआर-3, अलॉटमेंट की प्रति/सी.एल.यू., फायर स्कीम पत्र की अनुमति (जून 2021 से पहले अनुमोदित की गई प्रथम ड्राइंग सहित), अधिकृत पत्र तथा स्वयं सत्यापित तथा मालिक के द्वारा स्वयं सत्यापित अधिकृत आईडी प्रूफ जरूरी किए गए।

इसी प्रकार 15 मीटर से ऊपर के भवन के लिए फायर एनओसी प्राप्त करने के लिए आवेदन पत्र के साथ फायर फाईटिंग स्कीम का अनुमोदन, अनुमति पत्र/बीआर-3, एनबीसी 2005 की चैक लिस्ट, समर्पित फायर स्टाफ का नाम, योग्यता व सम्पर्क नम्बर तथा बिल्डिंग की डिटेल भरनी जरूरी की गई है।

निगमायुक्त विक्रम ने बताया कि सरकार की ओर से वर्ष 2018 से ऑनलाइन आवेदन किए गए हैं, जो सरल हरियाणा डॉट जीओवी डॉट इन तथा ऑनलाइन डॉट यूएलबी हरियाणा डॉट जीओवी डॉट इन पर कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि जिन प्रतिष्ठानो के पास फायर फाईटिंग स्कीम की अनुमति नही हैं, वह अनुमति लें और जिन भवनो में फायर फाईटिंग के उपकरण दुरूस्त नहीं है, उन्हें दुरूस्त कर लें, ताकि आग लगने जैसी सूरत में जान-माल की सुरक्षा की जा सके।

## संक्षिप्त समाचार

### छात्रों ने धूमधाम और हर्षोल्लास से मनाया गणतंत्र दिवस



**असन्ध।** कैथल रोड स्थित एक स्कूल में 72वां गणतंत्र दिवस बड़े ही हर्ष व उल्लास के साथ मनाया। कक्षा नौवीं से बारहवीं तक के बच्चों द्वारा भारत के गणतंत्रता दिवस की महिमा का गुणगान किया गया। स्कूल के प्रबंध निदेशक व प्रधानाचार्य ने समस्त देशवासियों को 72वें गणतंत्रता दिवस की बधाई देते हुए कहा कि पूरे संसार में भारत ही एक ऐसा देश है जहां का गणतंत्र बहुत ही मजबूत है। उन्होंने देश के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

### प्रेमनगर के धरना पर महिलाओं की संख्या बढ़ी



**भिवानी।** गांव प्रेमनगर में चल रहे मेडिकल कॉलेज निर्माण एवं चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय में नौकरियों एवं शैक्षणिक सीटों में आरक्षण के लिए चल रहे धरने के 25वें दिन अनेक गांवों के गणमान्य व्यक्तियों ने अपना समर्थन दिया और महिलाओं की संख्या भी बढ़ी। धरने के 25वें दिन धरना कमेटी को उपायुक्त ने बातचीत के लिए बुलाया। इस वार्ता में उपायुक्त व प्रशासनिक अधिकारियों ने कमेटी से वादा किया कि वे एक सप्ताह के अंदर-अंदर 30 जनवरी तक मुख्यमंत्री व चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग के साथ कमेटी की बैठक करवाएंगे। उपायुक्त के आश्वासन के बाद धरना कमेटी ने सीबीएलयू के घेराव का कार्यक्रम एक सप्ताह के लिए 31 जनवरी तक स्थगित कर दिया और धरने को निरंतर चलाए रखने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि जब तक मैडिकल कॉलेज का निर्माण कार्य आरंभ नहीं हो जाता तब तक यह धरना जारी रहेगा। इस अवसर पर गांव प्रेमनगर से भी अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे। धरना कमेटी ने निर्णय लिया कि उनकी मुलाकात सकारात्मक नहीं होती है तो वे आगामी रणनीति बनाकर सख्त कदम उठाएंगे।

### आयुक्त अनीता यादव पुलिस लाइन में फहराएंगी तिरंगा

**सोनीपत।** उपायुक्त श्याम लाल पूनिया ने कहा कि 26 जनवरी को पुलिस लाइन सोनीपत में जिला स्तर पर गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाया जाएगा। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि रोहतक मंडल की आयुक्त अनीता यादव प्रात: 9.58 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगी। इसके पहले वे शहीद स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि देंगी। उपायुक्त ने कहा कि जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। उन्होंने आम जनमानस का आह्वान किया कि वे जहां भी हों राष्ट्रीय पर्व अवश्य मनाएं। उपमंडल स्तर पर गोहाना में देवीलाल स्टेडियम में उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह आयोजित किया जाएगा। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में गोहाना के एसडीएम आशीष कुमार तिरंगा फहरायेंगे। यह जानकारी तहसीलदार रोशनलाल ने दी। उन्होंने बताया कि उपमंडल स्तरीय समारोह के लिए बेहतरीन तैयारियां की गई हैं। स्कूली विद्यार्थियों ने परेड व अन्य कार्यक्रमों के लिए कड़ी मेहनत की है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय पर्व को लेकर अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ विद्यार्थियों में उत्साह भरा हुआ है।

### सच्ची भावना से कार्य करते हुए आगें बढ़े विद्यार्थी : शिवरत्न

**भिवानी।** आत्मिक भावना से की गई सेवा ही वास्तव में सच्ची सेवा है। विद्यार्थियों को सेवा के असल मायने समझने होंगे। जिसके लिए विद्यार्थी सच्ची भावना से कार्य करते हुए आगे बढ़े यह बात वैश्य महाविद्यालय भिवानी में राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत सात दिवसीय शिविर के शुभारम्भ अवसर पर वैश्य महाविद्यालय ट्रस्ट के अध्यक्ष शिवरत्न गुप्ता ने कहे। उन्होंने कहा कि एनएसएस के नाम की सार्थकता तभी सिद्ध होगी तब कि विद्यार्थी मानवता के कल्याण हेतु निस्वार्थ भाव से कार्य करें। उनको चाहिए कि जीवन का लक्ष्य निर्धारण कर पुरे जज्बे के साथ आगें बढकर लक्ष्य प्राप्त करें। चौधरी बंसीलाल विश्वविधालय के रजिस्ट्रार जितेंद्र भारद्वाज ने अपने सम्बोधन में विद्यार्थियों को राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रत्येक शब्द की सार्थकता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण में एनएसएस के युवाओं की भागीदारी अहम कड़ी का कार्य करती हैं वास्तव में एनएसएस व विद्यार्थियों में श्रम की पराकाष्ठा के माध्यम से संस्कारों, सेवा भावना एवं संस्कृति का संचार करती हैं।

### शिक्षा बोर्ड की परीक्षा में बने यूएमसी केसों की सुनवाई 28 को

भिवानी। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी द्वारा सैकेण्डरी व सीनियर सैकेण्डरी (शैक्षिक) विशेष अवसर की परीक्षा जनवरी-2021 में संचालित करवाई गई थी। इस परीक्षा में जिन परीक्षार्थियों की अनुचित साधन सम्बन्धी केस (यूएमसी) दर्ज हुए थे, ऐसे परीक्षार्थियों को बोर्ड मुख्यालय पर व्यक्तिगत सुनवाई के लिए 28 जनवरी को प्रात: 9-30 बजे बुलाया गया है। बोर्ड अध्यक्ष प्रो. जगवीर सिंह ने यह जानकारी देते हुए बताया कि सैकेण्डरी व सीनियर सैकेण्डरी (शैक्षिक) विशेष अवसर की परीक्षा में जिन परीक्षार्थियों के अनुचित साधन सम्बन्धी केस (यूएमसी) दर्ज हुए हैं, उन्हें बोर्ड कार्यालय द्वारा उन द्वारा उपलब्ध करवाए गए दूरभाष नम्बर पर एसएमएस के माध्यम से सूचना दे दी गई है।

## रेलवे स्टेशनों पर किए गए स्पेशल ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त

सोनीपत। जिलाधीश श्याम लाल पूनिया ने बताया कि गणतंत्र दिवस के मौके पर विभिन्न किसान संगठनों द्वारा किसान ट्रैक्टर परेड निकालने का आह्वान किया गया है।

सोनीपत दिल्ली की सीमा के साथ सटे होने के कारण बड़ी संख्या में किसान रेलवे स्टेशन सोनीपत पर उतर कर किसान ट्रैक्टर परेड में शामिल होने की संभावना है। जिलाधीश ने भीड़ की आशंका को देखते हुए राठधाना, हरसाना कलां, सोनीपत, सांदल कलां, राजलू गढ़ी व गन्नौर रेलवे स्टेशन थाना राजकीय रेलवे पुलिस, सोनीपत व गोहाना तथा मुंडलाना रेलवे स्टेशन चौकी राजकीय रेलवे पुलिस गोहाना के अधिकार क्षेत्र में 25 जनवरी से 26 जनवरी 2021 तक के लिए स्पेशल इयूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किए हैं। जिलाधीश ने अपने आदेशों में किसान आंदेलन के दृष्टिगत राठधाना, हरसाना कलां, सोनीपत, सांदल कलां, राजलू गढ़ी व गन्नौर रेलवे स्टेशन क्षेत्र में कार्यकारी अभियंता जेसी शर्मा तथा गोहाना व मुंडलाना रेलवे स्टेशन क्षेत्र में एसडीओ आदर्श कुमार कानून एवं व्यवस्था बनाये रखने के लिए नियुक्त किया है।

## कृषि मंत्री के आवास के घेराव में शामिल होंगे निर्माण मजदूर



**पायनियर समाचार सेवा।** भिवानी

**भवन** निर्माण कामगार यूनियन हरियाणा जिला कमेटी भिवानी-चरखी दादरी की जिला कमेटी के आह्वान पर कई मांगों को लेकर धरना दिया।

इन मांगों में एक साल से ज्यादा समय से बकाया सुविधा फार्मों की राशि जारी करने, निर्माण मजदूर के रूप में तसदीक करने की समस्या का समाधान करने, 2018 में बकाया पंजीकरण फार्मों व बकाया सुविधा फार्मों की राशि जारी करने, ऑनलाइन में आ रही समस्याओं का शीघ्र समाधान करने, अनाप-सनाप शर्तों पर रोक व भ्रष्टाचार पर रोक लगाने आदि मांगों के समाधान के लिए सहायक निदेशक भवन निर्माण एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड भिवानी के कार्यालय के बाहर धरना दिया। सहायक निदेशक शैलेश अहलावत को मांगों का ज्ञापन सौपा। आज के कार्यक्रम की अध्यक्षता धर्मबीर बामला ने की व मंच संचालन अनिल कुमार ने किया। धरने को सम्बोधित करते हुए यूनियन राज्य महासचिव सुखबीर सिंह ने कहा की भाजपा सरकार जनता को दी जा रही तमाम कल्याणकारी योजनाओं को खत्म कर रही हैं। भाजपा सरकार ने कोरोना का बहाना बनाकर मजदूर किसान विरोधी कानून पास करवा लिए हैं जिससे न केवल मजदूर बल्कि देश का अन्नदाता भी बर्बाद हो जाएगा।

# जिला स्तरीय राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोहपूर्वक मना

### उपायुक्त और जिला निर्वाचन अधिकारी मुकुल कुमार ने की कार्यक्रम की अध्यक्षता

**पायनियर समाचार सेवा।** यमुनानगर



**भारत** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार गुरू नानक कन्या महाविद्यालय यमुनानगर में 11वां जिला स्तरीय राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मुकुल कुमार ने की। उन्होंने कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्जवलित करके की।

उपायुक्त मुकुल कुमार ने जिला स्तरीय राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह में सभी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह की बधाई दी। कहा कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाने की शुरूआत वर्ष 2011 में हुई थी। उन्होंने कहा कि जब हम किसी भी दिवस को समारोह के रूप में मनाते हैं तो हम उस दिवस की महत्ता के बारे जानकारी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे संविधान ने वोट का महत्वपूर्ण अधिकार हमें दिया है और हमें इस बात की जानकारी अवश्य होनी चाहिए कि वोट का हमारे जीवन में कितना महत्व है। वोट के महत्व को समझते हुए हमें अपने वोट का इस्तेमाल अवश्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारा देश लोकतांत्रिक देश है और यहां पर जनप्रतिनिधि जनता की वोट से ही चुने जाते हैं। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सभी छात्राओं, युवाओं एवं लोगों को अपना वोट बनवाने, वोट का प्रयोग करने व मतदान के प्रति जागरूक होने की शपथ भी दिलवाई। उन्होंने कहा कि इस वर्ष आयोजित होने वाले राष्ट्रीय मतदाता दिवस की थीम सभी मतदाता बनें-सशक्त, सतर्क, सुरक्षित एवं जागरूक है।

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मुकुल कुमार ने कहा कि हमें वोट अवश्य देनी चाहिए और यह नहीं सोचना चाहिए कि हमारे एक वोट न देने से क्या फर्क पड़ता है। उन्होंने कहा कि व्यवस्था परिवर्तन शिक्षित व्यक्ति ही कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि लोकतन्त्र की रूपरेखा का निर्माण मताधिकार के बल पर होता है।

## वाणिज्यिक वाहनों पर एसडीएम ने लगवाई रेडियम टेप

### कोहरे में दृश्यता कम होने पर रिफलेक्टर व रेडियम टेप कारगर

**रणबीर सिंह।** सोनीपत



**कोहरे** में दृश्यता की कमी होने पर सडक दुर्घटनाओं की संभावनाओं को दूर करने के उद्देश्य से गोहाना एसडीएम आशीष कुमार ने वाणिज्यिक वाहनों पर रिफलैक्टर तथा रेडियम टेप लगाने के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सभी वाणिज्यिक वाहन संचालक अनिवार्य रूप से इन निर्देशों की अनुपालना करें।

सडक् सुरक्षा पखवाड़े के अंतर्गत एसडीएम आशीष कुमार ने वाणिज्यिक वाहन चालकों की बैठक लेने के दौरान यह आदेश दिए। बैठक लेने के उपरांत उन्होंने दर्जनों वाणिज्यिक वाहनों पर स्वयं खड़े रहकर रेडियम टेप लगवाई। इसके पहले उन्होंने कड़े निर्देश दिए कि यातायात नियमों की ईमानदारी से पूर्ण अनुपालना की जाए। सड़क यातायात को सुरक्षित व दुर्घटनामुक्त बनाने के लिए हर संभव प्रयास किये जाने चाहिए। इसी उद्देश्य से सड़क सुरक्षा जागरूकता पखवाड़ा मनाया जा रहा है।

एसडीएम आशीष कुमार ने कहा कि सर्दी के मौसम में कोहरा छाने लगा है। घना कोहरा छाने पर दृश्यता बेहद कम रह जाती है, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है। ऐसी स्थिति से बचने के लिए वाहनों पर रेडियम टेप लगवानी चाहिए। धुंध में रेडियम टेप लगी होने पर वाहन की पहचान हो जाती है। उन्होंने कहा कि वाहनों की गति निर्धारित सीमा में ही रखनी चाहिए। विशेष रूप से कोहरे के समय वाहनों की गति धीमी रखनी चाहिए।

# शिक्षा बोर्ड में मनाया राष्ट्रीय मतदाता दिवस

## हर एक व्यक्ति का वोट राष्ट्र के निर्माण का बनता है भागीदार: जगवीर सिंह

**पायनियर समाचार सेवा।** भिवानी



**हरियाणा** सरकार के निर्देशानुसार हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा आज सोमवार को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर बोर्ड के सभी अधिकारीगण मौजूद रहे। बोर्ड अध्यक्ष प्रो.जगबीर सिंह ने बताया कि 25 जनवरी, 1950 को चुनाव आयोग की स्थापना हुई थी।

चुनाव आयोग के 61वें स्थापना साल पर 25जनवरी, 2011 को तत्कालीन राष्ट्रपति प्रतिभा देवी सिंह पाटिल ने 'राष्ट्रीय मतदाता दिवस' का शुभारंभ किया था। उन्होंने कहा कि वर्ष 2011 से हर चुनाव में लोगों की भागीदारी बढ़ाने के लिए निर्वाचन आयोग के स्थापना दिवस पर इस दिन को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस हर वर्ष सभी भारत के नागरिकों को अपने राष्ट्र के प्रति कर्त्तव्य की याद दिलाता है। उन्होंने आगे बताया कि मतदाओं को बिना भय, जाति व प्रलोभन के मतदान करना चाहिए। प्रत्येक व्यक्ति का वोट ही देश के भविष्य की नींव रखता है। इसलिए हर एक व्यक्ति का वोट राष्ट्र के निर्माण का भागीदार बनता है। इस अवसर पर यह शपथ दिलाई गई। उन्होंने कहा कि मतदान राष्ट्र के निर्माण में जरूरी है और हम सबको यह जिम्मेदारी समझनी होगी। जरूरी है कि सभी सोच-समझकर मतदान अवश्य करें।




# लोकतंत्र की मजबूती बढ़ाने के लिए मताधिकार जरूरी

## 11वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर नये मतदाताओं को बांटे मतदाता पहचान पत्र

### वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से राज्य स्तरीय मतदाता दिवस समारोह में की गई शिरकत

**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत

**11वें** राष्ट्रीय मतदाता दिवस की बधाई देते हुए उपायुक्त श्याम लाल पूनिया ने मतदाताओं को हर अवसर पर मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया। लोकतंत्र की मजबूती बढ़ाने व पवित्रता बनाये रखने के लिए मताधिकार जरूरी है। इसलिए मतदान को मात्र हार-जीत तक सीमित न रखें।

लघु सचिवालय में सोमवार को राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें बतौर मुख्य अतिथि शामिल उपायुक्त श्याम लाल पूनिया ने कहा कि सोनीपतवासियों के लिए यह दोहरी बधाई का मौका है। हाल ही में जिलावासियों ने दो चुनाव देखे हैं, जिसमें मतदाताओं ने बढ़-चढकर हिस्सा लिया। लोकतंत्र में मतदान का अत्यधिक महत्व है। संविधान लागू होने के एक दिन पूर्व 25 जनवरी 1950 को चुनाव आयोग का गठन किया गया। इस दिवस की स्मृति बनाये रखने के लिए हैल्पलाइन भी 1950 बनाई गई है। उपायुक्त ने कहा कि छात्रों-बड़े बुजुर्गों को संविधान की पवित्रता कायम रखने के लिए मतदान का प्रयोग करना चाहिए। चुनाव आयोग ने नोटा के रूप में एक नया विकल्प दिया है। उन्होंने कहा कि 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले हर युवक-युवती का मतदाता पहचान पत्र अवश्य बनवायें। यदि किसी मतदाता की मृत्यु हो चुकी है तो उसका नाम मतदाता सूची से हटवायें। अगर विवाह के चलते किसी मतदाता का स्थान परिवर्तन हुआ है तो उसकी वोट भी स्थानांतरित करवायें। यह निर्वाचन प्रक्रिया की मजबूती के लिए जरूरी है। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी के रूप में नगराधीश जितेंद्र जोशी ने उपायुक्त पूनिया को स्मृति चिन्ह भेंट किया। उन्होंने जिला राजस्व अधिकारी राजकुमार सिंह को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। मंच का संचालन कुशलतापूर्वक इलैक्शन तहसीलदार सरला कौशिक ने किया।



### उपायुक्त ने भेंट किए मतदाता पहचान पत्र

उपायुक्त ने नये मतदाताओं को भी उनके मतदाता पहचान पत्र भेंट करते हुए मताधिकार के प्रयोग के लिए प्रोत्साहित किया। इनमें सोनम, निशा, विवेक, नितिन बंसल, आशुतोष रंगा व चिराग शामिल रहे। अंत में उपायुक्त ने सभी उपस्थित मतदाताओं (अधिकारियों-कर्मचारियों, विद्यार्थियों-शिक्षकों व आम जनमानस) को मतदाता शपथ भी दिलाई।

### वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से की शिरकत

जिला स्तर पर आयोजित राष्ट्रीय मतदाता दिवस के पहले उपायुक्त श्याम लाल पूनिया ने विडियो कांफ्रेंस के माध्यम से आयोजित राज्य स्तरीय राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह में हिस्सा लिया, जिसकी अध्यक्षता हरियाणा के मुख्य सचिव विजय वर्द्धन कर रहे थे। इस दौरान मुख्य सचिव ने चुनाव आयोग का कैलेंडर लांच किया। उन्होंने कुछ नये मतदाताओं को मतदाता पहचान पत्र भी भेंट किये। इसके अलावा उन्होंने चुनाव आयोग के तत्वावधान में आयोजित निबंध लेखन स्पर्धाओं के विजेताओं को भी पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।

### उत्कृष्ट कार्य करने वाले किए सम्मानित

उपायुक्त श्याम लाल पूनिया ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ को भी सम्मानित किया। आशा वर्कर सुनीता, महेंद्र कौशिक, आंगनवाड़ी वर्कर संतरा, एमपीएचडब्ल्यू राजकुमार तथा आंगनवाड़ी वर्कर रेनू और एमपीएचडब्ल्यू बलबीर शामिल रहे। इसके अलावा बेहतरीन कार्य करने व चुनाव प्रक्रिया में अच्छा योगदान देने के लिए दो विशिष्ट पुरस्कार भी प्रदान किये गये। जीवीएम गर्ल्स कालेज की एसोसिएट प्रोफेसर रेनू भाटिया तथा राजकीय मिडल स्कूल बंदेपुर के क्लर्क जितेंद्र सिंह को विशिष्ट पुरस्कार से सुशोभित किया गया।

### निबंध लेखन में रिया और अंकुश रही प्रथम

जिला स्तर पर जिला निर्वाचन कार्यालय के तत्वावधान में आयोजित की गई। अंतर विद्यालय व अंतर महाविद्यालय निबंध लेखन प्रतियोगिताओं के विजेताओं को उपायुक्त ने प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। अंतर विद्यालय निबंध लेखन प्रतियोगिता के तहत राजकीय विद्यालय सोनीपत की छात्रा अंकुश को प्रथम, खुशी द्वितीय तथा राजकीय विद्यालय की सलोनी व सना को संयुक्त रूप से तृतीय पुरस्कार से नवाजा गया। अंतर महाविद्यालय निबंध लेखन स्पर्धा के अंतर्गत रिया प्रथम, तानिया द्वितीय तथा कीर्ति को तृतीय पुरस्कार से सुशोभित किया गया।

# वाहन चालकों की सुविधा के लिए किया मार्गों का परिवर्तन

## केजीपी और केएमपी का ना करे प्रयोग, आपातकालीन वाहनों के लिए एक लाइन का छोड़ें मार्ग

रणबीर सिंह। सोनीपत

**किसानों** द्वारा 26 जनवरी को ट्रैक्टर परेड को मध्येनजर रखते हुए पुलिस अधीक्षक जशनदीप सिंह रंधावा ने पर्यवेक्षण अधिकारियों एवं थानाध्यक्षों को ट्रैफिक एडवाईजरी को लेकर विशेष दिशा निर्देश दिए हैं। वाहन चालकों को असुविधा से बचने के लिये ट्रैफिक एडवाइजरी जारी की गई है। पुलिस अधीक्षक जशनदीप सिंह रंधावा ने बताया कि



केजीपी व केएमपी का प्रयोग ना करे। राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पंजाब व चंडीगढ़ से आने वाले भारी वाहन यूपी, गाजियाबाद व नोएडा जाने के लिए सोनीपत की अपेक्षा करनाल से शामली होकर व पानीपत से सनौली होकर यूपी, गाजियाबाद व नोएडा जा सकते है। इसी प्रकार राष्ट्रीय राजमार्ग-71ए के जरिए गोहाना, रोहतक, झज्जर, रेवाड़ी से होते हुए प्रवेश कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पंजाब व चंडीगढ़ से आने वाले हल्के वाहन दिल्ली व गुरूग्राम जाने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग-44 का प्रयोग करते हुए गन्नौर से नहर रोड़ पर व मुरथल से सोनीपत, अग्रसैन चौक, महाराणा प्रताप चौक, आईटीआई चौक से होते हुए खरखौदा की तरफ जा सकते है। इसके अलावा बहालगढ़ से बागपत, खेकड़ा, लोनी बॉर्डर से होते हुये जा सकते हैं तथा सोनीपत से दिल्ली जाने वाले हल्के वाहन चालक सफियाबाद, औचंदी बॉर्डर, लामपुर व दहेसरा से होते हुए दिल्ली जा सकते है। इसी के साथ-साथ ट्रैक्टर चालकों से अपील की गई है कि आपातकालीन वाहनों के लिए एक लाईन का मार्ग छोडक़र चले तथा जींद व गोहाना से आने वाले ट्रैक्टर चालक सोनीपत बाईपास, जाहरी चौक से होते हुए जीटी रोड़ पर पहुंचे। इसके अतिरिक्त राजीव गांधी एजुकेशन सिटी राई व औद्योगिक क्षेत्र राई में अपने वाहनों को पार्क करे तथा अति आवश्यक कार्य होने पर ही अपने वाहनों को निकाले बाहर और भीड़भाड़ से बचे।

## गणतंत्र दिवस समारोह: सुरक्षा के किए कड़े इंतजाम

**कुरुक्षेत्र।** गणतंत्र दिवस समारोह के लिए पुलिस ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। मंगलवार को पूर्व संध्या पर ही पुलिस कर्मियों को ड्यूटी पर तैनात कर दिया गया।

पुलिस ने राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित ढाबों पर तलाशी अभियान चलाया। इसके अलावा शहर के होटलों व धर्मशालाओं में भी विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। जिला में पहले ही जिले भर में सुरक्षा बढ़ा दी थी। सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में सुरक्षा के कड़े इंतजाम करने के आदेश दिए गए।

## चौथी बार बदले मंत्रियों के कार्यक्रम

# किसान आंदोलन के साए में हरियाणा का गणतंत्र दिवस

## सीएम पंचकूला और कृषि मंत्री रेवाड़ी में करेंगे ध्वजारोहण

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़



**हरियाणा** में मंगलवार को आयोजित होने जा रहा गणतंत्र दिवस समारोह पूरी तरह से किसान आंदोलन के साए में आ गया है। किसानों के चौतरफा विरोध को देखते हुए सरकार ने चौथी बार मंत्रियों के कार्यक्रमों में बदलाव किया है। अब मुख्यमंत्री मनोहर लाल पंचकूला में ध्वज फहराएंगे जबकि मुख्यमंत्री के स्थान पर मुख्य सचिव ध्वज फहराएंगे।

प्रदेश सरकार ने इस साल सबसे पहले आठ जनवरी को गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण कार्यक्रम जारी किया था। जिसमें 12 जनवरी तथा 23 जनवरी को बदलाव किया गया। सोमवार को ऐन मौके पर चौथी बार बदलाव किया गया। जिसके बाद मंत्री नए कार्यक्रमों के अनुसार अपने-अपने जिलों के लिए रवाना हो गए। हरियाणा के एकमात्र सिख मंत्री संदीप सिंह की कहीं भी डयूटी नहीं लगाई गई है। इसके अलावा स्वास्थ्य कारणों के चलते गृहमंत्री अनिल विज भी किसी कार्यक्रम में शामिल नहीं होंगे। पानीपत व सोनीपत जिले किसान आंदोलन का केंद्र बिंदु बने हुए हैं। जिसके चलते पानीपत में अब मुख्य सचिव विजय वर्धन ध्वज फहरायंगे जबकि सोनीपत में रोहतक के मंडल आयुक्त की डयूटी लगाई गई है। सोमवार को जारी कार्यक्रम के अनुसार अब राज्यपाल सत्यदेव नारायण आर्य पंचकूला की बजाए चंडीगढ़ स्थित हरियाणा राजभवन में ध्वज फहरायेंगे। मुख्यमंत्री मनोहर लाल पंचकूला में आयोजित होने वाले समारोह में बतौर मुख्य अतिथि भाग लेंगे। विधानसभा के स्पीकर ज्ञान चंद गुप्ता अब कुरूक्षेत्र में होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह में भाग लेंगे। विधानसभा के डिप्टी स्पीकर रणबीर सिंह गंगवा महेंद्रगढ़ (नारनौल), उपमुख्यमंत्री दुष्यंत सिंह चौटाला अंबाला तथा शिक्षा मंत्री कंवर पाल गुरुग्राम में ध्वज फहरायेंगे। परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा भिवानी में, बिजली मंत्री रणजीत चौटाला यमुनानगर में तथा कृषि मंत्री जेपी दलाल रेवाड़ी में ध्वज फहरायेंगे। पहले कृषि मंत्री को रोहतक में ध्वजारोहण करना था लेकिन किसानों का एक गुट उनका विरोध करने पर उतारू है। जिस कारण उनके कार्यक्रम में बदलाव किया गया है।

सहकारिता मंत्री डॉ.बनवारी लाल अब करनाल में मुख्य अतिथि होंगे। सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्री ओम प्रकाश यादव झज्जर में, महिला एवं बाल विकास मंत्री कमलेश ढांडा फतेहाबाद की जाए नूंह में ध्वजारोहण करेंगी। राज्य मंत्री अनूप धानक फरीदाबाद गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। किसान ट्रैक्टर परेड के मद्देनजर सबसे संवेदनशील जिला सोनीपत में रोहतक मंडल के आयुक्त ध्वज फहरायेंगे। हिसार में होने वाले जिला स्तरीय कार्यक्रम में हिसार के मंडल आयुक्त, पलवल में फरीदाबाद के मंडल आयुक्त, फतेहाबाद, रोहतक, कैथल, जींद, चरखी दादरी तथा सिरसा जिलों में संबंधित जिला उपायुक्तों की ही ध्वजारोहण की डयूटी लगाई गई है।

### विज हैं बीमार इसलिए नहीं लगाई ड्यूटी

हरियाणा के स्वास्थ्य एवं गृहमंत्री अनिल विज इस बार भी किसी कार्यक्रम में शामिल नहीं होंगे। अनिल विज करीब एक माह तक अस्पताल में रहकर आए हैं। वर्तमान में भी वह आक्सीजन स्पोर्ट पर हैं। जिसके चलते गणतंत्र दिवस के किसी भी कार्यक्रम में उनकी डयूटी नहीं लगाई गई है।

### जहां आंदोलन का असर, वहां नहीं जाएंगे मंत्री

चंडीगढ़। हरियाणा के जिन-जिन जिलों में किसान आंदोलन का असर अधिक है, वहां-वहां प्रदेश का कोई भी मंत्री गणतंत्र दिवस समारोह में भाग नहीं लेगा। जहां बार-बार कार्यक्रमों में बदलाव किया गया वहीं सोमवार को गृह सचिव तथा पुलिस महानिदेशक ने सभी जिला पुलिस अधीक्षकों के साथ बातचीत करे सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। प्रदेश के दस जिलों में गणतंत्र दिवस समारोह की जिम्मेदारी प्रशासनिक अधिकारियों को सौंपी गई है। हालांकि बाद में भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढ़ूनी व दूसरी भाकियू के अध्यक्ष रतन सिंह मान ने भी सार्वजनिक तौर पर बयान जारी करके कहा था कि किसान गणतंत्र दिवस समारोह में किसी तरह का विरोध नहीं करेंगे। इसके बाद भी कार्यक्रम बदले गए हैं।

## जर्नलिस्ट क्लब का चौथा वार्षिक समारोह तोशाम में

**भिवानी।** जर्नलिस्ट क्लब भिवानी का चौथा वार्षिक समारोह फरवरी माह के तीसरे सप्ताह में होगा। क्लब के प्रधान महासचिव प्रदीप चौहान ने बताया कि इस बार का वार्षिक समारोह तोशाम में आयोजित किया जाएगा।

इस समारोह के आयोजन का कार्यभार विष्णु दत्त शास्त्री और सतीश मित्तल पर रहेगा। उन्होंने बताया कि इस समारोह में देवव्रत वशिष्ठ स्मति पुरस्कार भी प्रदान किया जायेगा। इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए नाम का चयन करने के वास्ते सुश्री शशी कौशिक की अध्यक्षता में चयन समिति का गठन किया गया है। इस चयन समिति के रविन्द्र कैरू, विष्णु दत्त शास्त्री, अशोक शर्मा और गुलशन महता सदस्य होंगे। उन्होंने यह भी बताया कि ख्यातिलब्ध दिवंगत पत्रकार देवव्रत वशिष्ठ के नाम पर शुरू किया गया यह चौथा पुरस्कार होगा। यह पुरस्कार पत्रकारिता में निरंतर सक्रिय रह कर अपना योगदान देने वाले पत्रकार को दिया जाता है।

## वॉलीबॉल प्रतियोगिता में गांव उपालानी की टीम ने जीती ट्रॉफी

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र।

**निकटवर्ती** गांव झांसा में चल रही दो दिवसीय अंतर ग्रामीण शमैशिग वॉलीबॉल प्रतियोगिता में जिला कैथल के गांव उपालानी की टीम ने करनाल के गांव कलामपुर को हराकर ट्रॉफी ट्रॉफी के साथ 21हजार रुपये की इनामी राशि पर कब्जा जमाया।

गांव झांसा में पहली बार अंतर ग्रामीण प्रतियोगिता करवाई गई जिसमें प्रदेश के भिन्न भिन्न जिलों के अलावा अलावा पड़ोसी राज्य पंजाब के समाना, खासा तथा उत्तर प्रदेश के शामली से भी टीमों ने भाग लिया था। इसमें अंतिम निर्णायक मुकाबला उपलानी जिला कैथल कलामपुर जिला करनाल के मध्य खेला गया। जिसमें उपलानी की टीम ने 21-14 ,19-21,21-16 से कलामपुर को हराकर ने 21 हजार रुपए नकद पुरस्कार व ट्राफी पर कब्जा किया। इसके साथ ही पिछले 2 दिनों से चल रही पहली अंतर ग्रामीण शमैशिग वालीबाल दो दिवसीय प्रतियोगिता का समापन हो गया। मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी सुरेश चौधरी ने शिरकत की।

उन्होंने कहा कि खेल मानव जीवन का एक अभिन्न हिस्सा है। जिससे मनुष्य के शरीर के विकास के साथ-साथ उसके बौद्धिक विकास का भी निर्माण होता है। इसके अलावा खिलाडियों में एक दूसरे से परस्पर प्रेम प्यार की भावना भी उत्पन्न होती है। कार्यक्रम के आयोजक सचिन कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता में कुल 12 टीमों ने भाग लिया था। इस अवसर पर पूर्व सरपंच राजपाल सिंह, पृथ्वी पाल सिंह, ब्लॉक समिति सदस्य जोगीराम,विपिन बजाज, पीयूष वधवा, श्यामसुंदर सिंगला,नरेश चोपड़ा, ईश्वर सिंह, रमन कुमार, कमल कुमार, तिलक राज मनचंदा, शंटीअनेजा आदि मौजूद रहे। रेफरी की भूमिका करनैल सिंह ने निभाई।

## मतदान में उदासीनता नहीं है सही : डीसी

### उपायुक्त ने दिलाई चुनाव में अपने विवेक से मत का प्रयोग करने की शपथ

पायनियर समाचार सेवा। भिवानी।



**राष्ट्रीय** मतदाता दिवस चुनाव कार्यालय ने एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जयबीर सिंह आर्य ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उपायुक्त ने विद्यार्थियों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई।

उन्होंने मतदान पर आधारित विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों ने हिंदी व अंग्रेजी में भाषण के माध्यम से मतदान के महत्व पर प्रकाश डाला। उपायुक्त आर्य ने कहा कि चुनाव मतदान पर निर्भर करता है। चुनाव में विशेषकर युवा मतदाताओं को अपने मत का प्रयोग जरूर करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें चुनाव में ईमानदार और साफ छवि के प्रत्याशी को वोट देना चाहिए। उन्होंने कहा कि चुनाव के समय अधिक से अधिक मतदान के लिए स्वीप जैसे अनेक जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाते हैं लेकिन फिर भी कुछ लोग उदासीनता के चलते अपने मत का प्रयोग नहीं करते, जो सही नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रजातंत्र की मजबूती और देश की तरक्की के लिए अधिक से अधिक मतदान जरूरी है। उन्होंने कहा कि हमें मालूम होना चाहिए कि देश के लिए नीतियों का निर्धारण करने वाले हमारे नेता कैसे हैं। उन्होंने कहा कि 25 जनवरी 1950 को राष्ट्रीय चुनाव आयोग का गठन हुआ था। मतदान के प्रति जागरूकता के लिए वर्ष 2011 से राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी को बूथ स्तर से खंड, उपमंडल, जिला, प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर पर मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि इन कार्यक्रमों को आयोजित करने का मकसद युवाओं को मतदान करने के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे आने वाले पंचायत व पंचायत समिति चुनाव में अपने विवेक से निष्पक्ष ढंग से साफ व ईमानदारी छवि के प्रत्याशी को वोट दें।

# वोट के अधिकार का प्रयोग करें मतदाता : वर्धन

## गुरुग्राम की चंद्रकांता व अंबाला के तरूण ने जीती निबंध प्रतियोगिता

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**हरियाणा** के मुख्य सचिव विजय वर्धन ने कहा है कि प्रदेश के सभी नागरिकों को अपने वोट का अधिकार बिना किसी भय, बाधा और पूर्ण स्वतंत्रता से प्रयोग करना चाहिए। मतदाताओं को संकल्प लेना चाहिए कि वह अपने मत का अधिकार जाति, धर्म से ऊपर उठ कर करेंगे।

मुख्य सचिव सोमवार को यहां 11वें राज्य स्तरीय राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर हुआ कार्यक्रम का आयोजन

इस कार्यक्रम में प्रदेश भर से सभी उपायुक्त , जिला स्तर के वरिष्ठ अधिकारी एवं विभाग से सबंधित अधिकारी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े। मुख्य सचिव ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई। इस मौके पर स्वीप (सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता) के तहत प्रचार सामग्री का विमोचन भी किया।

उन्होंने मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में करवाई गई राज्य स्तरीय निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस प्रतियोगिता के महाविद्यालय वर्ग में गुरुग्राम की चंद्रकांता प्रथम,कैथल की संजना और आदमपुर के संजय द्वितीय और कालका से सुदेश तृतीय रहे। इसी प्रकार स्कूल वर्ग में अंबाला शहर के तरुण कुमार प्रथम, जींद के आदित्य और पलवल की अलका द्वितीय एवं फतेहाबाद कि अंजली तृतीय रही। इस अवसर पर विजय वर्धन ने मतदाता सूची में जुड़े नये मतदाताओं को इलेक्ट्रोनिक मतदाता कार्ड भी दिये।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव राजीव अरोड़ा ने कहा कि मतदाता लोकतंत्र का मजबूत स्तम्भ होते हैं। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने मुख्य अतिथि विजय वर्धन का स्वागत किया।

## सरकार के दावे हुए फेल, फिर से बढ़ गया गेहूं का रकबा

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार के लाख प्रयासों के बावजूद प्रदेश में इस साल भी गेहूं का रकबा बढ़ गया है। दिलचस्प बात यह है कि कोरोना काल और किसान आंदोलन के बावजूद हरियाणा में गेहूं अधीन क्षेत्र में वृद्धि दर्ज की गई है। कृषि विभाग ने प्रदेश के सभी जिलों से मिली जानकारी के आधार पर एक रिपोर्ट तैयार करके सरकार को भेज दी है।

हरियाणा में पिछले साल 24 लाख 90 हजार हैक्टेयर में गेहूं की पैदावार हुई थी। प्रदेश सरकार द्वारा इस साल 25 लाख 34 हजार हैक्टेयर में गेहूं की बिजाई का अनुमान लगाया गया था। प्रदेश सरकार ने 'मेरा पानी मेरी विरासत' योजना चलाकर किसानों को धान व गेहूं जैसी पारंपरिक फसलें त्यागने की अपील की थी। सरकार ने इसके लिए कई तरह की योजनाएं भी चलाई लेकिन किसानों का रूझान इस मामले में कम नहीं हो रहा है। इस साल प्रदेश में 25.21 लाख हैक्टेयर में गेहूं की बिजाई हुई है। अनुमान के मुकाबले यह क्षेत्र कम है लेकिन पिछले साल की तुलना में इस साल 0.31 फीसदी गेहूं अधीन क्षेत्र में वृद्धि हुई है।

# देश की प्रगति को प्रत्येक मतदाता को करना चाहिए मतदान: उपायुक्त

## उपायुक्त ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस की दिलाई शपथ

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**जिला** निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त शरणदीप कौर बराड़ ने कहा कि देश की प्रगति के लिए प्रत्येक मतदाता को अपने मत का निष्पक्ष और स्वतंत्र रूप से प्रयोग करना चाहिए।

प्रत्येक मतदाता को अपने जहन में इस बात का भी ध्यान रखना चाहिए कि उसका नाम मतदाता सूची में शामिल है या नहीं। चुनाव आयोग के नियमों के अनुसार मतदाता सूची में शामिल नाम वाला व्यक्ति ही अपने मत का प्रयोग करने का अधिकार रखता है। इसलिए सभी को मतदाता सूचियों में भी अपना नाम दर्ज करवाना चाहिए। वे



मतदाताओं को शपथ दिलाते कुलपति प्रो. सोमनाथ सचेदवा।

सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में जिला निर्वाचन कार्यालय की तरफ से 11वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर आयोजित जिलास्तरीय कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इससे पहले हरियाणा के मुख्य सचिव विजय वर्धन, एसीएस राजीव अरोड़ा, हरियाणा चुनाव आयोग के सीईओ अनुराग अग्रवाल, एसीआईओ हेमा शर्मा ने चंडीगढ़ से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए अधिकारियों को 11वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस की बधाई दी। मुख्य सचिव ने अपने संदेश में कहा कि सभी अधिकारियों के साझे प्रयासों से प्रदेश में चुनावों को निष्पक्ष, बिना जात-पात, धर्म से उपर उठकर शांतिपूर्ण चुनाव करवाएंगे।

### जागरुक मतदाता होते हैं मजबूत लोकतंत्र की पहचान : प्रो. सोमनाथ

**कुरुक्षेत्र** विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने कहा है कि हमारा देश विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। सरकार जनता के लिए जनता के द्वारा ही चुनी जाती है। उन्होंने कहा कि जागरुक मतदाता मजबूत लोकतंत्र की निशानी है। इसलिए यह जरुरी है कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में ज्यादा से ज्यादा लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने ये विचार सोमवार को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर जागरूक मतदाता शपथ लेते हुए व्यक्त किए। इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर में भारतीय चुनाव आयोग द्वारा निर्देशित मतदाता जागरुकता की शपथ दिलवाई गई। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव शर्मा, लोकसम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. ब्रजेश साहनी, उपनिदेशक डॉ. दीपक राय बब्बर, अधीक्षक डॉ. पवन रोहिला, विनोद कुमार, नरेन्द्र निम्मा, बलजीत, अमित भटनागर, धर्मेन्द्र आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### मां शाकंभरी देवी जयंती 28 को

**थानेसर।** मां शाकंभरी देवी सेवक मंडल द्वारा मां शाकंभरी देवी जयंती महोत्सव 28 जनवरी को हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है। जानकारी देते हुए अध्यक्ष अशोक शर्मा बाली एवं सचिव चंद्रमौली गौड़ ने बताया कि यह आयोजन नरकातारी रोड स्थित मां शाकंभरी देवी मंदिर में वीरवार, 28 जनवरी को होगा जिसमें सुबह 9 से 10 बजे तक हवन, 10 से 12 बजे तक भजन-कीर्तन और दोपहर 12 बजे भंडारा और प्रसाद वितरण होगा। उन्होंने बताया कि मंडल द्वारा प्रत्येक वर्ष मां शाकंभरी देवी जयंती का आयोजन सहारनपुर (उत्तर प्रदेश) स्थित मां शाकंभरी देवी भवन में किया जाता है इस बार यह आयोजन कुरूक्षेत्र में मनाया जा रहा है।

### कुवि में होगा राष्ट्रीय ध्वजारोहण

**थानेसर।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में 72वें गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर मंगलवार को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा श्रीमदभगवद् गीता सदन परिसर में होने वाले कार्यक्रम में राष्ट्रीय ध्वजारोहण के बाद एनसीसी परेड की सलामी लेंगे। इस समारोह में आईआईएचएस, संगीत विभाग व यूनिवर्सिटी सीनियर मॉडल स्कूल के छात्र-छात्राओं के सांस्कृतिक कार्यक्रम विशेष आकर्षण का केन्द्र रहेंगे। सुबह 8 बजकर 55 मिनट पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ राष्ट्रीय ध्वजारोहण करेंगे। लोकसम्पर्क विभाग के उपनिदेशक डॉ. दीपक राय बब्बर ने बताया कि 72वें गणतंत्र दिवस की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी है।

### श्रीश्याम संकीर्तन में झूमे श्याम भक्त

**कुरुक्षेत्र।** खाटूश्याम परिवार ट्रस्ट कुरुक्षेत्र द्वारा रविवार देर सायं ब्रह्मसरोवर स्थित द्रौपदी कूप श्रीश्याम मंदिर में श्रीश्याम संकीर्तन किया गया। कार्यक्रम में आयोजक गोपाल गर्ग परिवार ने श्याम पूजन में हिस्सा लिया। इस दौरान शाहाबाद के गायक श्रवण राज ने श्याम जी के मधुर भजन सुनाए, जिनमें मुझे अपने ही रंग में रंग लो मेरे श्याम सांवरे..., ऐसी मस्ती कहाँ मिलेगी श्याम नाम रस पीले तू..., हमें तो जो भी दिया श्याम आपने दिया..., हारे का तू है सहारा सांवरे, हमने भी तुझको पुकारा सांवरे.... इत्यादि भजन सराहे गए। संकीर्तन के दौरान श्याम जी की गाथा में बताया गया कि यें हारे के सहारे हैं। अगला खाटू श्याम संकीर्तन एक फरवरी को पटेल नगर में होगा। इसके पश्चात 4, 6, 7 व 9 फरवरी को संकीर्तन होंगे। श्रीश्याम आरती में जयपाल शर्मा, शिवकुमार कौशिक, वाचस्पति शर्मा, शालीन अग्रवाल, श्याम लाल सिंगला, राकेश कुमार, संजीव मित्तल, जितेंद्र मिगलानी, बंटी राजावत, मोंटी गिरधर, देवेंद्र राठौर, आशुतोष पाराशर, प्रशांत शर्मा, सतीश शर्मा सिरसला, वेणु शर्मा, अनिल पाराशर, रघुवीर सिंह, जयंती प्रसाद, अमित गोयल और अनिल चौहान पिपली सहित महिलाएं भी शामिल रहीं।

### मतदान हमारा मौलिक अधिकार : बवेजा

**कुरुक्षेत्र।** ग्लोबल इवेंट्स ऑर्गेनाइजेशन ट्रस्ट के चेयरमैन, राष्ट्रीय पंजाबी महासभा के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष तथा विभिन्न सामाजिक संस्थाओं से जुड़े एडवोकेट मधु सूदन बवेजा ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर कहा कि जागरूक मतदाता अपने मत का प्रयोग करके मजबूत लोकतंत्र का गठन करता है। मतदान करना हमारा सभी का मौलिक अधिकार है। उन्होंने कहा कि युवाओं और भावी मतदाताओं का सशक्तिकरण अहम है। इसमें कोई मतदाता अपने मत के प्रयोग से अछूता नहीं रहना चाहिए। बवेजा ने कहा कि लोकतंत्र सर्वश्रेष्ठ है। हमें मतदान करके अपनी जिम्मेवारी को बखूबी निभाना चाहिए। हमें मतदान करते समय जाति, धर्म, लोभ, भाषा वर्ग से प्रभावित हुए बगैर अपने मत का प्रयोग करना चाहिए। वेजा ने कहाकि भारतीय नागरिक होने के नाते हमें अपने मत का अधिकार समझना चाहिए। यही हमारे के प्रति ताकत है।

### कॉमर्स के छात्रों को दिए कॅरियर के मूलमंत्र

**कुरुक्षेत्र।** गुरुकुल कुरुक्षेत्र में कॉमर्स के विद्यार्थियों को कॅरियर संबंधित विभिन्न पहलुओं की जानकारी देने हेतु एक केरियर गाइडेंस प्रोग्राम हुआ जिसमें विशेष रूप से हैदराबाद से आए कर्नल आरएम नायडू ने कॉमर्स के क्षेत्र में उपलब्ध विभिन्न अवसरों की जानकारी दी। कार्यक्रम में गुरुकुल के कॉमर्स के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और कॉमर्स स्ट्रीम में कॅरियर के विकल्पों पर मुख्य वक्ता कर्नल नायडू से खुलकर चर्चा की। इस अवसर पर गुरुकुल के प्रधान कुलवन्त सिंह सैनी, निदेशक व प्राचार्य कर्नल अरूण दत्ता एवं सह प्राचार्य शमशेर सिंह भी मौजूद रहे। कर्नल नायडू ने केट, क्लेट, आईएसबी, आईआईएम जैसी परीक्षाओं में सफलता हेतु महत्त्वपूर्ण टिप्स दिये। उन्होंने कहा कि केवल साइंस विषयों से पढने वाले छात्र ही ऊंचे पदों पर नहीं जा सकते बल्कि कॉमर्स के छात्र भी अपनी मेहनत के बलबूते उच्च पदों पर आसीन हो सकते है, बशर्ते केरियर के प्रति गंभीर हो और अपनी सोच को सकारात्मक बनाएं। उन्होंने छात्रों को केट, क्लेट जैसी महत्वपूर्ण परीक्षाओं में सफलता और आईआईएम जैसे संस्थानों में प्रवेश हेतु प्रोत्साहित किया।

### गांव भिवानी खेड़ा में लगाई ओपन जिम

**कुरुक्षेत्र।** गांव भिवानी खेड़ा में जिला परिषद के प्रतिनिधि मान सिंह बजगांव द्वारा ओपन जिम लगवाई गई। जिसमें अलग-अलग प्रकार की 9 मशीनें लगाई गईं। मान सिंह ने बताया कि इन शारीरिक मशीनों पर एक्सरसाइज करने से शरीर तंदुरुस्त रहता है और फिट रहता है। आजकल के करोना कॉल में अपने शरीर को फिट रखना बहुत जरूरी है। मान सिंह ने बताया कि इसमें युवा, बच्चे, बुजुर्ग, महिलाएं सभी एक्सरसाइज कर सकते हैं और अपना शरीर फिट रख सकते है। उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहने का आग्रह किया। इस अवसर पर शेर सिंह, लवली सैनी, सुरेंद्र सैनी, रिंकू सैनी, विशाल सैनी, राकेश सुखा, मोहित सैनी, जयचंद, राजकुमार, मोहनलाल मौजूद रहे।

### एक कोरोना पाजिटिव मरीज की मौत, 12 नए मामले

**कुरुक्षेत्र।** जिला सिविल सर्जन डा. सुखबीर सिंह ने कहा कि कुरुक्षेत्र से 24 मरीजों को एक ही दिन में ठीक होने पर अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है। इसके साथ-साथ कुरुक्षेत्र में कोरोना से संक्रमित 24 नए केस सामने आए है और एक कोरोना पाजिटिव मरीज की मृत्यु हो गई है। इतना ही नहीं कुरुक्षेत्र में कोरोना वायरस से संक्रमित अब तक 8631 मरीज ठीक होकर घर लौट गए है। अहम पहलू यह है कि अभी तक लिए गए 196560 में से 186982 सैम्पलों की रिपोर्ट नेगटिव आ चुकी है। जिला सिविल सर्जन डा. सुखबीर सिंह ने हेल्थ बुलेटिन में कहा कि कुरुक्षेत्र में अलग-अलग जगहों से कोरोना वायरस से संक्रमित 12 नए केस सामने आए है और कुरुक्षेत्र में अलग-अलग जगहों से 24 मरीज की कोरोना रिपोर्ट नेगटिव आने पर डिस्चार्ज कर दिया गया है और रत्नगढ़ निवासी 55 वर्षीय कोरोना पाजिटिव मरीज की मृत्यु हो गई है। उन्होंने बताया कि कोरोना वायरस की जांच के लिए इस जिले से अब तक 196560 में से 186982 सैम्पल की रिपोर्ट नेगटिव आ चुकी है। इस जिले में अब तक 8825 पॉजिटिव केस सामने आ चुके है। इनमें से 8631 मरीज ठीक होकर घर जा चुके है और 134 कोरोना पाजिटिव मरीजों की मृत्यु हो चुकी है। इस प्रकार कुरुक्षेत्र में कोरोना वायरस के 60 एक्टिव केस है।

### चार राजपत्रित अधिकारियों को किया गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** हरियाणा राज्य चौकसी ब्यूरो ने वर्ष 2020 में कई महत्वपूर्ण जांचों व अभियोगों का निपटारा किया। इस दौरान ब्यूरो ने कुल 101 जांचों व 40 अभियोगों का निष्पादन किया है। इन जांचों में 10 राजपत्रित अधिकारियों, 14 अराजपत्रित अधिकारियों व सात अन्य व्यक्तियों के विरुद्ध अभियोग दर्ज करने के साथ-साथ 51 राजपत्रित अधिकारियों व 97 अराजपत्रित अधिकारियों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई करने की सिफारिश की गई है। इसके अतिरिक्त एक करोड़ 27 लाख 92 हजार 739 रुपये की रिकवरी की सिफारिश भी की गई है। राज्य चौकसी ब्यूरो के प्रवक्ता ने सोमवार को इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2020 में ब्यूरो ने 4 राजपत्रित अधिकारियों व 29 अराजपत्रित अधिकारियों को रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार करके उनसे 14,61,800 रुपये बरामद किए। इस सम्बंध में राज्य चौकसी ब्यूरो के विभिन्न थानों में भ्रष्टाचार अधिनियम के अंतर्गत 29 अभियोग दर्ज किए गए हैं। प्रवक्ता ने बताया कि गत वर्ष ब्यूरो की तकनीकी ईकाई द्वारा 39 निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाई गई अनियमितताओं और गबन के आधार पर 5 राजपत्रित अधिकारियों व पांच अराजपत्रित अधिकारियों के विरुद्ध अभियोग दर्ज करने तथा 52 राजपत्रित अधिकारियों व 33 अराजपत्रित अधिकारियों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई के साथ-साथ 1,86,44,494 रुपये की रिकवरी की सिफारिश भी की गई है।

# परेड में 18वीं बार नजर आएगा खास घोड़ा रियो

## गणतंत्र दिवस की परेड में चार साल की उम्र से ले रहा है हिस्सा

### -रियो दुनिया के एकमात्र सेवारत घुड़सवार रेजिमेंट के दल का करेगा नेतृत्व

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**भारत** के 72वें गणतंत्र दिवस की परेड में 18वीं बार नजर आएगा 61 घुड़सवार रेजीमेंट का खास घोड़ा रियो, जो चार साल की उम्र से परेड में हिस्सा ले रहा है। कैप्टन दीपांशु श्योराण ने बताया कि भारत में जन्मे हनोवरियन नस्ल के इस घोड़े की उम्र 22 साल है। वह चार साल की उम्र से परेड में हिस्सा ले रहा है। इस साल, तीसरी बार वह दुनिया के एकमात्र सेवारत घुड़सवार रेजिमेंट के दल का नेतृत्व करेगा।



दीपांशु श्योराण ने कहा, रियो बेहद खास घोड़ा है। वह कमांडर की बात समझता हैं। यह बेहद गर्व की बात है कि इस गणतंत्र दिवस पर वह 18वीं बार राजपाथ पर 61 घुड़सवार रेजिमेंट के एक सदस्य के तौर पर नजर आएगा। 15वीं बार उस पर दल के कमांडर सवार होंगे। वर्ष 1953 में स्थापित की गई जयपुर स्थित 61 घुड़सवार रेजीमेंट स्थापना के बाद से ही गणतंत्र दिवस परेड में आकर्षण का केन्द्र बनी रही है। मैसूर लांसर्स, जोधपुर लांसर्स और ग्वालियर लांसर्स सहित छह पूर्ववर्ती शाही सेनाओं की इकाइयों को मिलाकर इसकी स्थापना की गई थी। 1918 में रेजिमेंट के पूर्वजों ने ब्रिटिश सशस्त्र बलों के साथ इजराइल में हैफा की महत्वपूर्ण लड़ाई लड़ी थी।

उत्तराखंड के काशीपुर के निवासी श्योराण (27) ने कहा कि आधिकारिक वर्दी में राजपथ पर घुड़सवारी करना अपने आप में एक शानदार और सुखद अनुभव है और फिर रियो पर सवार होना इसे अधिक खास बना देता है। युवा अधिकारी ने कहा, रियो आधिकारिक समारोह के लिए प्रशिक्षित है और हम उसका विशेष ध्यान रखते हैं। वह हमारी बात सुनता है और उसका पूरी तरह पालन करता है।

अपने परिवार से सशस्त्र बलों में चौथी पीढ़ी के सदस्य श्योराण, सेना में रेजिमेंट की खास स्थान की सराहना करते हैं, जिसे वह देश की सेना के अतीत और वर्तमान के बीच की कड़ी भी मानते हैं। कोविड-19 के मद्देजनर तैयारी करने में परेशानी का सामना करने के सवाल पर उन्होंने कहा, हां, यकीनन यह बेहद चुनौतीपूर्ण था। इस वजह से घोड़ों की संख्या भी कम करके 43 कर दी गई है। श्योराण 2018 और फिर 2020 में भी सैन्य दल की अगुवाई कर चुके हैं।

## चुनाव आयोग दूरस्थ मतदान का परीक्षण जल्द शुरू करेगा : आयुक्त

**नई दिल्ली।** मुख्य निर्वाचन आयुक्त सुनील अरोड़ा ने कहा है कि मतदाताओं के लिए दूरस्थ मतदान सुविधा के परीक्षण जल्द शुरू किए जाएंगे। निर्वाचन आयोग के स्थापना दिवस के मौके पर प्रत्एक साल 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है।

यह 11वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस है। इस अवसर पर अपने संदेश में अरोड़ा ने कहा कि दूरस्थ मतदान को लेकर शोध परियोजना आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल के साथ शुरू की जा चुकी है। उन्होंने कहा, इस दिशा में अच्छी प्रगति हुई है तथा परीक्षण जल्द शुरू किए जाएंगे। अरोड़ा ने रविवार यह भी बताया कि विदेश में रह रहे भारतीय मतदाताओं को डाक मत पत्र की सुविधा देने के आयोग के प्रस्ताव पर कानून मंत्रालय विचार कर रहा है। गौरतलब है कि चुनाव आयोग आईआईटी मद्रास के साथ मिलकर ऐसी नई तकनीक पर काम कर रहा है।

# पीएम के जरिए अर्नब को मिली थी बालाकोट स्ट्राइक की सूचना: राहुल

## प्रधान संपादक गोस्वामी को दी जानकारी देने का लगाया आरोप

**एजेंसी।** करूर (तमिलनाडु)

**कांग्रेस** के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही वह व्यक्ति हैं, जिनके जरिए बालाकोट एयर स्ट्राइक से पहले ही उसकी जानकारी रिपब्लिक टीवी के प्रधान संपादक अर्नब गोस्वामी को मिली। बहरहाल, उन्होंने अपने दावे को लेकर कोई सबूत पेश नहीं दिया। प्रधानमंत्री कार्यालय की तरफ से भी फिलहाल इस दावे पर कोई जवाब नहीं आया है। कांग्रेस नेता ने यहां एक रोड शो के दौरान कहा कि प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री समेत सिर्फ पांच लोगों को किसी



सैन्य कार्रवाई के बारे में पहले से जानकारी रही होगी। उन्होंने अर्नब की कथित व्हाट्सएप बातचीत का हवाला देते हुए कहा, कुछ दिनों पहले यह जानकारी सामने आई कि एक पत्रकार बालाकोट में एयर स्ट्राइक के बारे में पहले से जानता था। पाकिस्तान में भारतीय वायुसेना की ओर से बमबारी किए जाने के तीन दिनों पहले ही एक पत्रकार को बता दिया गया कि क्या होने जा रहा है।

राहुल गांधी ने कहा कि इसका यह मतलब हुआ कि वायुसेना के हमारे पायलटों के जीवन को खतरे में डाला गया। उनके मुताबिक, बालाकोट एयर स्ट्राइक के बारे में सिर्फ प्रधानमंत्री, रक्षा मंत्री, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार, गृह मंत्री और वायुसेना प्रमुख को जानकारी थी। उन्होंने आरोप लगाया, इन लोगों के अलावा किसी अन्य को बालाकोट एयर स्टाइक से पहले इसकी जानकारी नहीं थी। अब मैं यह समझना चाहता हूं कि इसकी जांच आरंभ क्यों नहीं हुई कि बालाकोट की कार्वाई से पहले इसकी जानकारी एक पत्रकार को किसने दी। कारण यह है कि इन पांच लोगों में से किसी ने इस व्यक्ति को बताया। इनमें से किसी ने ही हमारी वायुसेना के साथ विश्वासघात किया। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने दावा किया, अगर प्रधानमंत्री ने ऐसा नहीं किया तो फिर वह जांच का आदेश क्यों नहीं दे रहे हैं। इस बारे में सोचिए। प्रधानमंत्री जांच का आदेश नहीं दे रहे हैं तो इसका सिर्फ एक कारण है कि वह खुद वही व्यक्ति हैं जिसके जरिए यह सूचना पत्रकार तक पहुंची। उन्होंने यह भी कहा कि अगर ऐसा नहीं है तो प्रधानमंत्री को जांच करानी चाहिए।

## गोवा विस ने कोविड-19 से जान गंवाने वाले लोगों को दी श्रद्धांजलि



**एजेंसी।** पणजी

**गोवा** विधानसभा में कोविड-19 महामारी की वजह से राज्य में जान गंवाने वाले पीड़ितों को पांच दिवसीय सत्र के दौरान सोमवार को श्रद्धांजलि दी गई। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार राज्य में अब तक संक्रमण की वजह से 761 लोगों की मौत हो चुकी है। सत्र की शुरुआत राज्यपाल बी एस कोश्यारी के अभिभाषण से हुई। इसके बाद विपक्षी पार्टियों के सदस्यों ने राज्य सरकार द्वारा सत्र को छोटा किए जाने के फैसले के खिलाफ प्रदर्शन किया। राज्यपाल के अभिभाषण के बाद विधानसभा अध्यक्ष राजेश पाटनेकर ने हाल में कोविड-19 की वजह से जान गंवाने वाली कई हस्तियों और लोगों जिक्र किया। सदन ने इसके बाद एक मिनट का मौन रखकर सभी पीड़ितों को श्रद्धांजलि दी। राज्यपाल के अभिभाषण के बाद विपक्षी पार्टी के कई सदस्य किसी भी तरह का शोर किए बिना खड़े हुए और सत्र छोटा किए जाने के खिलाफ तख्तियां दिखाईं। विपक्ष के नेता दिगंबर कामत ने कहा कि विपक्ष ने लंबे सत्र की मांग रखी थी। उन्होंने कहा, हम पिछले साल सिर्फ पांच दिन के लिए मिले थे और इस बार सत्र सिर्फ चार दिनों (कामकाजी दिन) के लिए है।

## न्यायालय ने मीडिया अधिकरण की मांग वाली याचिका पर केन्द्र से मांगा जवाब

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने सोमवार को उस जनहित याचिका पर केन्द्र सरकार, प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया (पीसीआई) और न्यूज ब्रॉडकास्टर्स एसोसिएशन (एनबीए) से जवाब मांगा। जिसमें मीडिया, चैनलों और नेटवर्क के खिलाफ शिकायतों पर सुनवाई के लिए मीडिया अधिकरण गठित करने की मांग की गई है। प्रधान न्यायाधीश एसए बोबडे, न्यायमूर्ति एएस बोपन्ना और न्यायमूर्ति वी रामसुब्रमण्यन की एक पीठ ने याचिका पर संज्ञान लिया, जिसमें मीडिया व्यवसाय नियमों से संबंधित संपूर्ण कानूनी ढांचे पर गौर करने और दिशा-निर्देशों का सुझाव देने के लिए भारत के एक पूर्व मुख्य न्यायाधीश या शीर्ष अदालत के न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक स्वतंत्र समिति की स्थापना की भी मांग की गई है। पीठ ने सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, पीसीआई और एनबीए के अलावा, न्यूज ब्रॉडकास्टर्स फेडरेशन (एनबीएफ) और न्यूज ब्रॉडकास्टिंग स्टैंडर्ड्स अथॉरिटी (एनबीएसए) को भी नोटिस जारी किया है। फिल्म निर्माता नीलेश नवलखा और सिविल इंजीनियर नितिन मेमाने ने यह याचिका दायर की है। इसकी सुनवाई वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए की गई। याचिका में कहा गया कि मीडिया, खासकर इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, एक अनियंत्रित घोड़े की तरह हो गया है, जिसे नियंत्रित किए जाने की जरूरत है।

## यस बैंक : प्रवर्तन निदेशालय ने मुंबई में बिल्डर समूह के परिसरों पर छापेमारी की

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**प्रवर्तन** निदेशालय ने सोमवार को मुंबई में रियल एस्टेट से जुड़े एक समूह के कम से कम 10 परिसरों में छापेमारी की। एजेंसी ने यह छापेमारी यस बैंक में कथित धोखाधड़ी के मामले में अपनी धन शोधन संबंधी जांच के सिलसिले में की। अधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय जांच एजेंसी ने ओमकार रियल्टर्स एंड



डेवलपर्स के मुंबई स्थित सात आवासीय और तीन कार्यालय परिसरों में छापेमारी की। रियल एस्टेट समूह को जानकारी के लिए ईमेल भेजे थे, लेकिन उस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। उन्होंने बताया कि यह कार्रवाई धन शोधन निरोधक अधिनियम (पीएमएलए) के तहत की जा रही है और छापेमारी का लक्ष्य इस मामले में और सबूत जमा करना है। उन्होंने बताया कि ओमकार ग्रुप के अध्यक्ष कमल किशोर गुप्ता और प्रबंध निदेशक बाबूलाल वर्मा इस समूह के प्रवर्तक हैं। सूत्रों ने बताया कि समूह पर आरोप है कि इसने झुग्गी पुनर्वास प्राधिकरण (एसआरए) के तहत हासिल की गई कई अनुमतियों का गलत इस्तेमाल किया।

# संक्षिप्त समाचार

## सजा बदलने पर फैसले केलिए केंद्र को दिया आखिरी मौका

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह की हत्या मामले में दोषी बलवंत राजोआना की मौत की सजा बदलने के लिए दायर याचिका पर फैसला करने के लिए केंद्र को सोमवार को आखिरी मौका दिया। शीर्ष अदालत ने केंद्र से दो हफ्ते में फैसला करने को कहा है। उधर, केंद्र ने अदालत से तीन हफ्ते का समय मांगते हुए कहा था कि वह मामले की समीक्षा कर रही है और मौजूदा परिस्थितियों में उसे समय की जरूरत है। प्रधान न्यायाधीश एसआर बोबडे, न्यायमूर्ति एस बोपन्ना और न्यायमूर्ति वी रामासुब्रमण्यन की पीठ ने सॉलिसीटर तुषार मेहता से पूछा कि सरकार को तीन हफ्ते का समय क्यों चाहिए, वह क्या कर रही है? पीठ ने कहा कि हमें तीन सप्ताह का समय अतार्किक लगता है, हमने आपसे 26 जनवरी तक फैसला करने के लिए कहा था, आज 25 जनवरी है। मेहता ने कहा कि मौजूदा परिस्थितियों के मद्देनजर उनका अनुरोध है कि मामले की सुनवाई तीन हफ्ते बाद की जाए। इस पर पीठ ने कहा, हम आपको आखिरी मौका देते हैं। दो सप्ताह। सुनवाई के दौरान राजोआना की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने कहा कि यह व्यक्ति (राजोआना) पिछले 25 साल से जेल में कैद है और उसकी दया याचिका गत नौ साल से लंबित है। गौरतलब है कि राजोआना पंजाब पुलिस का पूर्व कांस्टेबल है और उसे 1995 में पंजाब सचिवालय के समक्ष हुए धमाके में शामिल होने का दोषी ठहराया गया है जिसमें बेअंत सिंह और अन्य 16 लोगों की मौत की हो गई थी।

## अयोध्या में मस्जिद स्वतंत्रता सेनानी अहमदुल्ला के नाम पर

**अयोध्या।** बाबरी मामले में उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद अयोध्या में बनाई जाने वाली प्रस्तावित मस्जिद का नाम अंग्रेजों के खिलाफ 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में योगदान देने वाले मौलवी अहमदुल्ला शाह के नाम पर हो सकता है। मस्जिद निर्माण की देखरेख के लिए सुन्नी वक्फ बोर्ड द्वारा गठित न्यास इंडो इस्लामिक कल्चरल फाउंडेशन के सचिव अतहर हुसैन ने कहा कि अवध क्षेत्र में विद्रोह का बिगुल फूंकने वाले शाह के नाम पर मस्जिद का नाम रखने के बारे में गंभीरता से विचार किया जा रहा है। न्यास का गठन होने के बाद इस बारे में चर्चा चली थी कि मस्जिद का नाम मुगल शासक बाबर के नाम पर रखा जाएगा जैसा कि बाबरी मस्जिद का रखा गया था या फिर किसी और नाम पर विचार किया जाएगा। न्यास के सूत्रों के मुताबिक अयोध्या में बनने वाली मस्जिद की परियोजना को सांप्रदायिक भाईचारे तथा देशभक्ति के संकेत के रूप में प्रस्तुत करने के लिए न्यास ने इस परियोजना को शाह के प्रति समर्पित करने का फैसला लिया है, जो इन मूल्यों का प्रतिनिधित्व करने के साथ-साथ इस्लाम के सच्चे अनुयाई भी थे। हुसैन ने कहा, न्यास अयोध्या मस्जिद परियोजना को महान स्वतंत्रता सेनानी मौलवी अहमदुल्ला शाह को समर्पित करने के प्रस्ताव पर गंभीरता से विचार कर रहा है। इस संबंध में हमें विभिन्न मंचों से सुझाव मिले हैं। यह एक अच्छा सुझाव हैं। विचार-विमर्श के बाद इस बारे में आधिकारिक घोषणा करेंगे। शाह, पांच जून 1858 को शहीद हो गए थे। जॉर्ज ब्रुस मालेसन तथा थॉमस सियटन जैसे अंग्रेज अधिकारियों ने उनके साहस, शौर्य तथा उनकी संगठनात्मक क्षमताओं का जिक्र किया है। भारत के 1857 के संग्राम पर आधारित किताब हिस्ट्री ऑफ इंडियन म्यूटिनी में मालेसन ने शाह का कई बार जिक्र किया है। शाह ने अवध क्षेत्र में विद्रोह छेड़ा था तथा फैजाबाद के चौक इलाके में स्थानीय मस्जिद मस्जिद सराय को मुख्यालय बनाया था जहां वह क्रांतिकारी नेताओं के साथ बैठकें करते थे।

## बंटवारे में नहीं एकजुटता में विश्वास करता हूं : योगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि राज्य के बंटवारे की उनकी कोई योजना नहीं है क्योंकि वह बंटवारे में नहीं एकजुटता में भरोसा रखते हैं। ज्ञात हो कि बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती जब उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री थीं तब वर्ष 2011 में राज्य के चार हिस्सों में बंटवारे संबंधी प्रस्ताव विधानसभा से पारित हुआ था। इस प्रस्ताव के मुताबिक उत्तर प्रदेश को बुंदेलखंड, पूर्वांचल, अवध प्रदेश और पश्चिम प्रदेश में विभाजित करने की बात कही गई थी। आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा, उत्तर प्रदेश की जनता को अपने इतिहास पर गर्व है और देश में इस राज्य का अपना महत्व है। हम एकजुटता में विश्वास करते हैं ना कि बंटवारे में। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने राज्य के पूर्वी हिस्से और बुंदेलखंड के विकास पर विशेष ध्यान केंद्रित किया है। अपने आवास पर पत्रकारों से चर्चा में उन्होंने कहा, इन दोनों क्षेत्रों के आर्थिक विकास के उद्देश्य से सरकार पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे और बुंदलेखंड एक्सप्रेस-वे का निर्माण कर रही है। ये दोनों एक्सप्रेस-वे इन क्षेत्रों के विकास का आधार बनेंगे। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि राज्य सरकार ने उत्तर प्रदेश में निवेशकों के अनुकूल महौल बनाया है और अब इसके सकारात्मक परिणाम दिखने लगे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य के समावेशी विकास के लिए राज्य सरकार ने एक जिला-एक उत्पाद योजना आरंभ की है जो गरीबों और पिछड़ों के जीवन में व्यापक बदलाव ला रहा है।













खुद को बाहरी दुनिया से अलग करने के बाद भी

# हर दिन दबाव महसूस कर रहा था : पंत

एजेंसी। नई दिल्ली



**ऑस्ट्रेलिया** में शानदार बल्लेबाजी कर आलोचकों का मुंह बंद करने वाले भारतीय विकेटकीपर ऋषभ पंत ने इस दौरे से पहले खुद को बाहरी दुनिया से अलग कर लिया था, लेकिन वह हर दिन दबाव महसूस कर रहे थे। क्रिकेट की दुनिया की सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी इकाई में से एक के खिलाफ पंत ने सिडनी और ब्रिसबेन टेस्ट में शानदार बल्लेबाजी कर भारत को चार मैचों की श्रृंखला को 2-1 से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। सिडनी में चौथी पारी में उनके 97 रन के दम पर भारत टेस्ट ड्रा करने में सफल रहा, जबकि चौथे टेस्ट के आखिरी दिन उन्होंने नाबाद 89 रन की पारी खेल भारत को जीत दिलाई। इससे पहले भी उनसे भारतीय क्रिकेट को काफी अपेक्षाएं थी लेकिन वह उसे पूरा करने में नाकाम रहे थे।

पंत ने कहा, मैं हर दिन दबाव महसूस कर रहा था, यह मेरे खेल का हिस्सा है। एक व्यक्ति के तौर पर आपको खुद पर भरोसा होना चाहिए। उन्होंने कहा, अगर आप आगे बढ़ रहे हैं तो इसका मतलब यह है कि आप सुधार कर रहे हैं। इस मुश्किल समय में मैंने यही सीखा है। अपने खेल पर इतना ध्यान केंद्रित करें कि आपको कुछ और नजर न आए। सोशल मीडिया की वजह से कई बार ऐसा करना मुश्किल होता है लेकिन मैंने खुद को इससे अलग कर लिया है। इस 23 साल के विकेटकीपर बल्लेबाज ने कहा, जब आप अच्छा कर रहे हैं तो लोग अच्छा लिखेंगे लेकिन जब ऐसा नहीं होगा तब वे आपकी आलोचना करेंगे। यह आजकल के क्रिकेटर के जीवन का एक हिस्सा है। ऐसे में अगर आप आलोचना को नजरअंदाज कर अपने क्रिकेट पर ध्यान केंद्रित करते हैं तो मुझे लगता है कि यह बेहतर है। ब्रिसबेन में जब भारतीय टीम चौथी पारी में रिकार्ड 328 रन के लक्ष्य का पीछा कर रही थी तब पंत ने धैर्य और आक्रामण के सही मिश्रण के साथ बल्लेबाजी करते हुए भारत को जीत दिलाई। वह इस श्रृंखला के तीसरे सर्वोच्च स्कोरर (तीन टेस्ट में 274 रन) रहे। उन्होंने कहा ब्रिसबेन में ड्रा उनके लिए कोई विकल्प नहीं था।

## ब्राजील में विमान दुर्घटना में चार फुटबॉलरों की मौत

**रियो डि जेनेरियो।** कोरोना पॉजीटिव पाए जाने के कारण टीम से अलग यात्रा कर रहे ब्राजीली फुटबॉल क्लब पालमस के चार फुटबॉलरों की विमान दुर्घटना में मौत हो गई। उत्तरी प्रांत टोकान्टिस में यह विमान उड़ान भरने से कुछ देर पहले रनवे से फिसल गया था। दुर्घटना में पालमस क्लब के अध्यक्ष और पायलट की भी मौत हो गई। क्लब के अनुसार ये खिलाड़ी विला नोवा के खिलाफ मैच खेलने के लिए गोयनिया जा रहे थे। क्लब की प्रवक्ता इजाबेला मार्टिन्स ने एसोसिएटेड प्रेस से कहा कि ये खिलाड़ी निजी विमान से यात्रा कर रहे थे क्योंकि उन्हें कोविड-19 के लिए पॉजीटिव पाया गया था। मार्टिन्स ने कहा कि रविवार उनके पृथकवास का अंतिम दिन था।




मुश्ताक नॉकआउट घरेलू क्रिकेटरों के पास

# आईपीएल नीलामी से पहले प्रभाव छोड़ने का आखिरी मौका

एजेंसी। अहमदाबाद



**इंडियन** प्रीमियर लीग (आईपीएल) की महत्वपूर्ण नीलामी से पहले भारत के घरेलू क्रिकेटरों को मंगलवार से शुरू होने वाले सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी टी-20 टूर्नामेंट के नॉकआउट मैच में प्रभाव छोड़ने का आखिरी मौका मिलेगा। कर्नाटक की निगाह जहां खिताब बचाए रखने पर होगी वहीं क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने वाली सात अन्य टीमें भी अपनी तरफ से कोई कसर नहीं छोड़ना चाहेंगी। इस टूर्नामेंट के जरिए भारत में 2020-21 के घरेलू सत्र की शुरुआत भी हुई थी। कर्नाटक की राह में पंजाब की मजबूत टीम बड़ी बाधा है। ये दोनों टीमें पहले क्वार्टर फाइनल में आमने-सामने होंगी जिसमें कड़ा मुकाबला होने की संभावना है।

पंजाब ने एलीट ग्रुप ए में अपने सभी पांचों मैच जीतकर नॉकआउट में जगह बनाई, जबकि कर्नाटक इस ग्रुप से दूसरे स्थान पर रहने के बावजूद अंतिम आठ में प्रवेश करने में सफल रहा। इस मैच में दोनों टीमों के सलामी बल्लेबाजों पर निगाह टिकी रहेगी। पंजाब के युवा सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह शानदार फार्म में चल रहे हैं और उन्होंने अभी तक 277 रन बनाए हैं, जबकि कर्नाटक के देवदत्त पडिक्कल के नाम पर पांच मैचों में 207 रन दर्ज हैं। दोनों टीमों का मध्यक्रम भी मजबूत है। पंजाब के पास हालांकि सिद्धार्थ कौल और संदीप शर्मा जैसे अनुभवी गेंदबाज है, जिससे वह थोड़ा बेहतर स्थिति में दिख रहा है। कर्नाटक में अभिमन्यु मिथुन और प्रसिद्ध कृष्णा के दम पर चुनौती पेश करेगा। दूसरा क्वार्टर फाइनल पिछले सत्र के उप विजेता तमिलनाडु और हिमाचल प्रदेश के बीच होगा। तमिलनाडु के सलामी बल्लेबाज एन जगदीशन ने अब तक टूर्नामेंट में सर्वाधिक 315 रन बनाए हैं। कप्तान दिनेश कार्तिक पर भी काफी दारोमदार होगा। तमिलनाडु के गेंदबाजों ने स्टार स्पिनर आर अश्विन, यार्कर विशेषज्ञ टी नटराजन और आलराउंडर वाशिंगटन सुंदर की अनुपस्थिति में भी शानदार प्रदर्शन किया। लेग स्पिनर एम अश्विन और बाएं हाथ के स्पिनर आर साई किशोर ने अपनी भूमिका अच्छी तरह से निभाई, लेकिन वह बाबा अपराजित थे जिन्होंने नई गेंद से काफी सफलता हासिल की। बड़ौदा और हरियाणा तीसरे क्वार्टर फाइनल में आमने-सामने होंगे। बड़ौदा को इस मैच में पंड्या बंधुओं हार्दिक और क्रुणाल की सेवाएं नहीं मिलेंगी। हार्दिक इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला की तैयारियों में जुटे हैं, जबकि क्रुणाल अपने पिता के निधन के कारण टूर्नामेंट के बीच से हट गए थे।




## अंडर-18 खिलाड़ियों के लिए बाउंसर प्रतिबंधित करने की मांग

**लंदन।** कनकशन (सिर में चोट लगने से अचेत होने जैसी स्थिति) मामलों के एक विशेषज्ञ ने क्रिकेट अधिकारियों से 18 साल से कम उम्र के खिलाड़ियों के खिलाफ बाउंसरों के उपयोग को प्रतिबंध करने की मांग की है, जिससे लंबे समय तक होने वाली जटिलताओं को सीमित किया जा सके। इस बीच क्रिकेट के नियमों के संरक्षक मेरिलबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) ने भी गेंदबाजों के शॉर्ट पिच गेंद करने की अनुमति पर चर्चा और परामर्श प्रक्रिया शुरू की है। सिर की चोट से जुड़े अंतरराष्ट्रीय शोध संस्थान के मीडिया निदेशक माइकल टर्नर ने ब्रिटिश अखबार द टेलीग्राफ से कहा, जब आप युवा से वयस्क हो रहे होते हैं, तब आपके दिमाग का भी विकास हो रहा होता है और ऐसे में आप कनकशन से बचना चाहेंगे। आप किसी भी उम्र में कनकशन से बचना चाहेंगे, लेकिन यह युवाओं के लिए काफी खतरनाक हैं। उन्होंने कहा, इस उम्र (किशोर) समूह के खिलाड़ियों को कनकशन से बचाने के लिए नियमों में बदलाव कर इसे सुनिश्चित किया जाना चाहिए।




















# आप सभी देशवासियों को
# गणतंत्र दिवस
## की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं








किसान विरोधी काले कानूनों को रद्द करवाने एवं हमारे देश के लोकतंत्र की रक्षा करने के लिए हम कृतसंकल्पित हैं

# मनोज अग्रवाल
## बल्लभगढ़ विधानसभा

---

## फैमिली मेडिकेयर एंड हेल्थ सेंटर
निकट बस स्टैंड पलवल



सभी क्षेत्रवासियों को **गणतंत्र दिवस** की हार्दिक शुभकामनाएं

**डॉ. राजीव अग्रवाल**
संचालक

## आस्था अस्पताल
न्यू कॉलोनी पलवल



सभी क्षेत्रवासियों को **गणतंत्र दिवस** की हार्दिक शुभकामनाएं

**डॉ सुभाष दुआ**
संचालक

## निदान अस्पताल
निकट सिविल अस्पताल पलवल



सभी क्षेत्रवासियों को **गणतंत्र दिवस** की हार्दिक शुभकामनाएं

**डॉ कमल गुप्ता**
संचालक

## राधा स्वामी अस्पताल
जवाहर नगर कैंप पलवल



सभी क्षेत्रवासियों को **गणतंत्र दिवस** की हार्दिक शुभकामनाएं

**डॉ सुशील छाबड़ा**
संचालक

## मोती क्लीनिक
कमेटी चौक, निकट दाऊजी मंदिर, पलवल



सभी क्षेत्रवासियों को **गणतंत्र दिवस** की हार्दिक शुभकामनाएं

**डॉ. रमेश गर्ग**
संचालक

## आर्यन अस्पताल
निकट हुडा सेक्टर-2 पलवल



सभी क्षेत्रवासियों को **गणतंत्र दिवस** की हार्दिक शुभकामनाएं

**डॉ संदीप गर्ग**
संचालक

## शिव क्लीनिक
गुप्तागंज पलवल



सभी क्षेत्रवासियों को **गणतंत्र दिवस** की हार्दिक शुभकामनाएं

**डॉ ललित भारद्वाज**
संचालक

## गिन्नी स्किन एंड लेजर अस्पताल
पंचवटी चौक, पलवल



सभी क्षेत्रवासियों को **गणतंत्र दिवस** की हार्दिक शुभकामनाएं

**डॉ. पुष्पेंद्र जैन**
संचालक

---

सभी क्षेत्रवासियों को **गणतंत्र दिवस** की हार्दिक शुभकामनाएं

## G.G.D.S.D. College Palwal
A Premier Co-educational NAAC Accredited 'A' College
(Affiliated to M.D. University, Rohtak)


President
Mahender Kalra (Adv.)


Vice-President
Sh. Manoj Kumar Mangla


Treasurer
Sh. Nilesh Mangla


Gen. Secretary
Sh. Bansidhar Makhija


Principal
Dr. G.K. Sapra

Ph. 01275-259021, 252036

## गाबा अस्पताल
जवाहर नगर कैंप, पलवल



सभी क्षेत्रवासियों को **गणतंत्र दिवस** की हार्दिक शुभकामनाएं



**डॉ एस.के. गाबा**
जिला प्रधान नीमा

## गुप्ता नर्सिंग होम
न्यू कॉलोनी रोड, पलवल

सभी क्षेत्रवासियों को **गणतंत्र दिवस** की हार्दिक शुभकामनाएं



**डॉ आरपी गुप्ता**
फाउंडर प्रधान आईएमए व संचालक

## अग्रवाल क्लीनिक
बामनीखेड़ा पलवल

सभी क्षेत्रवासियों को **गणतंत्र दिवस** की हार्दिक शुभकामनाएं



**डॉ. विकास अग्रवाल**
संचालक अस्पताल

**DELHI PUBLIC SCHOOL**
**GREATER FARIDABAD, SEC-81**
(Under the aegis of The DPS Society)

IDA AWARDS EDUCATION WINNER 2019 · FIT INDIA SCHOOL

# DPS Greater Faridabad (Sec-81)

wishes you all

# Happy 72nd Republic Day

## OUR JOYS

In Education World India School Ranking 2020-21, of India's Top Day Co-Educational Schools

WE ARE RANKED
- 48th in Top 100 Schools of India
- 27th in Top 100 Schools of Delhi-NCR
- 1st in Area of Greater Faridabad

- ATL Award • IDA Tech-School of India Award
- Robert Bosch Research Award • Innovation Marathon
- The Best Principal - Haryana Zone Award by SOF
- National Robo-Cup Champions • Progressive Principal of India and Enduring Eduleader of 2020 by Re:think India
- Asia Open Budokan E-Kata Champions
- CBSE Regional Wins • MindBox Champions • Inspire Awards

COME! BECOME A PART OF OUR AMAZING WORLD

## ADMISSIONS OPEN

Register for Classes **NURSERY, PREP, I – IX & XI** (Academic Year 2021-22)

Know us and Register Online at www.dpsgfaridabad.com

For Queries, Contact Admission Counsellors on

**9999462777, 9999426777**

DPS Greater Faridabad, Sector-81, Faridabad
(0129) 2555 555 | info@dpsgfaridabad.com | www.dpsgfaridabad.com

*Discovering Self Anew*

# फरीदाबाद चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज

FCI की तरफ से आप सभी को FCI

# गणतंत्र दिवस







**श्री एच.के. बतरा**
प्रधान

**श्री आशीष जैन**
महासचिव

# की हार्दिक शुभकामनाएं

FCI

**Address** : SB-20, 2nd Floor, Crown Plaza Mall, Sector-15A, Faridabad
**Mob.**: 9910116747, **E-mail** - fcci2002@hotmail.com